• जयपुर, सोमवार 18 मई 26 • वर्ष 15 • अंक 201 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
विज्ञापन के लिए : 93145 05000
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जनगणना जागरूकता रैली को उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने ...
पेज @4 दिवा-सावंतवाड़ी एक्सप्रेस का सफर बन रहा 'नरकयात्रा'!...
पेज @8 ढावा व जारोड़ा के सरकारी विद्यालय की बालिकाओं ने लगवाई एचपीवी ...

# नीट पेपर लीक के आरोपी दिनेश बिवाल के निकले राजनीतिक संबंध, अब बीजेपी-कांग्रेस आमने सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 3 मई को हुई नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर बवाल मचा हुआ है। जैसे-जैसे सीबीआई पेपर लीक मामले में अपनी जांच आग बढ़ा रही है वैसे-वैसे लीक से जुड़े कई खुलासे हो रहे हैं। जांच में सामने आए अहम नामों में से एक नाम जयपुर के जमवा रामगढ़ के दिनेश बिवाल का है। लेकिन पेपर लीक से जुड़े आरोपों के अलावा बिवाल का राजनीतिक सफर और नेताओं द्वारा अचानक उनसे दूरी बनाने की कोशिश अपने आप में एक अलग कहानी बन गई है। कई पोस्टरों, होर्डिंग्स और सोशल मीडिया पोस्ट में बिवाल को बीजेपी पदाधिकारी बताया गया है। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर उन्होंने खुद को 'बीजेपी जयपुर ग्रामीण का पूर्व जिला मंत्री' बताया है। अब बीजेपी के साथ उनके कथित संबंधों को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी नेताओं ने उन्हें कोई भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने से इनकार कर दिया। बीजेवाईएम के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा ने कहा कि उनके नेतृत्व में जयपुर



ग्रामीण जिले में अभी तक कोई नियुक्ति नहीं की गई है। उनसे पहले जब अंकित चेची प्रदेश अध्यक्ष थे तब भी संगठनात्मक नियुक्तियां कथित तौर पर बहुत कम हुई थीं। हाल के दिनों में अमित शर्मा और बलराम दून जयपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष थे। दोनों नेताओं ने यह भी दावा किया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने न तो बिवाल को कोई आधिकारिक जिम्मेदारी दी और न ही उन्हें संगठनात्मक बैठकों में आमंत्रित किया। हालांकि, दून ने यह स्वीकार किया कि जब 2011 में वे बीजेवाईएम जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष बने थे तब बिवाल पहले से ही पिछली टीम का हिस्सा थे और राज्य मंत्री के पद पर थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने महेंद्र पाल मीणा, जो अब विधायक हैं और जिनकी तस्वीरें बिवाल के साथ सोशल मीडिया पर सामने आई थीं को अपनी टीम में शामिल किया था। वहीं, दीन से पहले जिला अध्यक्ष रहे रघुवीर चौधरी ने इस बात से इनकार किया कि बिवाल उनकी टीम का हिस्सा थे। महेंद्र पाल मीणा ने कहा कि वह नियमित रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से मिलते हैं। बिवाल के साथ अपनी तस्वीरों के बारे में पूछे जाने पर मीणा ने जवाब दिया कि एक जन प्रतिनिधि होने के नाते कई लोग उनके साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं। बीजेपी के मुख्य संगठन के भीतर यह दावा किया जा रहा है कि बिवाल को जो भी जिम्मेदारियां मिलीं, वे समय-समय पर पार्टी के अलग-अलग नेताओं की सिफारिशों के जरिए मिलीं। लेकिन जब उनसे पूछा गया कि उनकी सिफारिश असल में किसने की थी तो ज्यादातर नेता चुप रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सीजेआई की मौजूदगी जरूरी नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि संविधान के तहत चुनाव आयोग की नियुक्ति समिति में न्यायिक प्रतिनिधित्व अनिवार्य नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि चयन समिति में न्यायपालिका के सदस्य को शामिल करना 'विधायी निर्णय'' हो सकता है, लेकिन यह कोई 'संवैधानिक बाध्यता'' नहीं है। केंद्र ने यह दलील मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दाखिल प्रति-हलफनामे में दी है। 2 जनवरी 2024 से लागू इस कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक चयन समिति की सिफारिश पर की जाती है। समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं। नए कानून में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) की जगह केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया है। केंद्र ने हलफनामे में कहा कि संविधान में कहीं भी चुनाव आयोग की नियुक्ति समिति में न्यायिक प्रतिनिधित्व का प्रविधान अनिवार्य नहीं किया गया है। सरकार के अनुसार, यह कहना कि नियुक्तियों की वैधता के लिए न्यायपालिका की भागीदारी जरूरी है, शक्तियों के पृथक्करण और संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत संसद की भूमिका की गलत व्याख्या है। कहा कि चुनाव आयोग की वास्तविक स्वतंत्रता उसके संवैधानिक दर्जे, सुरक्षित कार्यकाल, हटाने संबंधी सुरक्षा उपायों तथा वेतन और कार्यों के वैधानिक संरक्षण से सुनिश्चित होती है। 2023 का कानून इन सभी प्रावधानों को बरकरार रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता जोड़ता है। अंतरिम व्यवस्था के तौर पर सीजेआइ को चयन समिति में शामिल करने की बात कही थी।

### सिग्नेचर ब्रिज लूटकांड: दिल्ली पुलिस ने दबोचे 'सलवार सूट गिरोह' के 3 बदमाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज के पास स्कूटी सवार से लूट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान भजनपुरा निवासी निखिल, सोनू व गाजियाबाद निवासी अमर के रूप में हुई है। पकड़ा गया निखिल सलवार सूट गिरोह का बदमाश है, महिलाओं के भेष में वह युवाओं को जाल में फंसाकर यमुना खादर में ले जाकर लूट करता था। पकड़े गए बदमाशो के पास से पीड़ित का बैग, मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि 13 मई की रात सिग्नेचर ब्रिज के पास स्कूटी सवार से लूट हुई थी। पीड़ित व बुराड़ी निवासी मनीष कुमार मिश्रा वजीराबाद रोड से स्कूटी से घर जा रहे थे। सिग्नेचर ब्रिज के पास एक व्यक्ति ने उन्हें रुकने का इशारा किया। जब उन्होंने अपनी स्कूटी रोकी, तो उस व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनसे उनका मोबाइल फोन, नकदी और एक बैग लूट लिया, जिसमें एक लैपटॉप और अन्य दस्तावेज थे।
पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। सीसीटीवी कैमरों से बदमाशो की पहचान की गई। टेक्निकल सर्विलांस के जरिये बदमाशों को भजनपुरा से गिरफ्तार कर लिया।

### भ्रष्टाचार के पुराने मामले में आईएएस अधिकारी बर्खास्त, कुछ माह पहले ही दिल्ली में हुई थी तैनाती

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार में तैनात आईएएस पर एक पुराने मामले में गाज गिरी है। 2003 बैच की आईएएस पद्मा जायसवाल पर अरुणाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले में केंद्र सरकार ने कार्रवाई की है, उन्हें नौकरी से बर्खास्त किया गया है। वह कुछ माह पहले ही दिल्ली सरकार में आई थीं। सरकार के दिल्ली सचिवालय स्थित प्रशासनिक सुधार विभाग में सचिव थीं। करीब एक माह से अवकाश पर थीं। उनसे पक्ष लेने के लिए काल की गई, मगर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# केंद्र सरकार का मेगा प्लान: भाखड़ा और रंजीत सागर सहित 736 बांधों के आधुनिकीकरण की तैयारी तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना (डीआरआईपी) के तहत 10,211 करोड़ रुपये की लागत से 736 बांधों का आधुनिकीकरण कर रही है। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार इसके तहत 191 बांधों के लिए 5,053 करोड़ रुपये के पुनर्वास प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और 31 मार्च, 2025 तक 43 बांधों पर पुनर्वास कार्य पूरा हो चुका है। मंत्रालय ने कहा कि अक्टूबर 2021 में शुरू किए गए डीआरआइपी के दूसरे और तीसरे चरण में 19 राज्यों और तीन केंद्रीय एजेंसियों - केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), भाखरा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) और दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के 736 बांध शामिल हैं।



परियोजना के दूसरे और तीसरे चरण के तहत जिन प्रमुख बांधों की सुरक्षा में सुधार किया जाएगा उनमें भाखरा बांध (हिमाचल प्रदेश), रंजीत सागर बांध (पंजाब), गांधी सागर बांध (मध्य प्रदेश), जिरगो बांध (उत्तर प्रदेश) और सिलाबती बैराज (बंगाल) शामिल हैं। डीआरआइपी के दूसरे और तीसरे चरण के लिए कुल परियोजना लागत 10,211 करोड़ रुपये है - जिसमें से 5,107 करोड़ रुपये दूसरे चरण के लिए और 5,104 करोड़ रुपये तीसरे चरण के लिए हैं। इसमें से सात हजार करोड़ रुपये बाहरी ऋण सहायता के रूप में दिए जा रहे हैं, जबकि 3,211 करोड़ रुपये सहभागी राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा वहन किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में विश्व बैंक और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआइआइबी) में भी फंडिंग मिल रही है। दूसरे और तीसरे चरण को मिलाकर योजना की अवधि 10 साल है। परियोजना का उद्देश्य पुराने होते बांधों की संरचनात्मक मजबूती, जल संग्रहण क्षमता और परिचालन दक्षता को बढ़ाना, रखरखाव के लिए राजस्व जुटाने के उपाय करना शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि डीआरआइपी दुनिया के सबसे बड़े बांध पुनर्वास कार्यक्रमों में से एक है। भारत 6,628 बांधों के साथ विश्व में तीसरे स्थान पर है, जिनमें से 6,545 चालू हैं और 83 निर्माणाधीन हैं। इन बांधों की कुल जल भंडारण क्षमता लगभग 330 अरब घन मीटर है और ये राष्ट्रीय खाद्य, ऊर्जा और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन बांधों में से 26 प्रतिशत से अधिक, यानी 1,681 तो 50 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। 291 बांध 100 वर्ष से अधिक पुराने हैं। डीआरआईपी को तीन चरणों में लागू किया जा रहा है। विश्व बैंक के सहयोग से डीआरआइपी का पहला चरण अप्रैल 2012 में शुरू किया गया था और यह 2021 तक चला। इसमें झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड सहित सात राज्यों के 223 बांध शामिल थे। डीआरआइपी के प्रथम चरण की प्रमुख उपलब्धियों में एक डैम हेल्थ एंड रिहैबिलिटेशन मॉनिटरिंग एप्लीकेशन (धर्म) की शुरुआत थी।

## कस्टम ड्यूटी बढ़ने से दिल्ली एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी में बढ़ोतरी, अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट सक्रिय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, विशेषकर इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पिछले कुछ दिनों में सोने की तस्करी के मामलों में अचानक आई तेजी ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। वरिष्ठ सीमा शुल्क (कस्टम) अधिकारियों ने हाल ही में पकड़े गए अंतरराष्ट्रीय तस्करों से पूछताछ और डेटा के विश्लेषण के बाद एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। अधिकारियों के मुताबिक, तस्करी में आई इस अचानक तेजी का सीधा संबंध सरकार द्वारा सोने पर आयात शुल्क (कस्टम ड्यूटी) में की गई भारी बढ़ोतरी से है। कस्टम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, हाल ही में सरकार ने सोने पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर सीधे 15 प्रतिशत कर दिया है। टैक्स में हुई इस अप्रत्याशित बढ़ोतरी ने वैध रूप से सोना आयात करने वालों के लिए लागत बढ़ा दी है, लेकिन दूसरी ओर इसने अवैध रूप से सोना देश में लाने वाले अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के हौसले बुलंद कर दिए हैं। ड्यूटी बढ़ते ही भारत के घरेलू बाजार और विदेशी बाजार में सोने की कीमतों का अंतर बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जिससे अवैध सोने की मांग और उसकी कीमत आसमान छूने लगी है। इस नीतिगत बदलाव ने अवैध बाजार के समीकरणों को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। अब ब्लैक मार्केट में प्रति किलो सोने पर मिलने वाला प्राफिट मार्जिन रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। कस्टम अधिकारियों का कहना है कि जब प्रति किलो मुनाफा लाखों रुपये में बढ़ जाता है, तो अंतरराष्ट्रीय गिरोहों की बेचैनी और जोखिम लेने की क्षमता भी बढ़ जाती है। यही वजह है कि अब तस्कर पकड़े जाने के डर से पीछे नहीं हट रहे हैं, बल्कि भारी मुनाफे के लालच में पहले से कहीं ज्यादा बड़ा रिस्क उठा रहे हैं। शातिर तरीके अपना रहे हैं। सोने को भारत की सीमा के भीतर घुसाने के लिए अब कई तरह हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। तस्करों के इस बदलते और खतरनाक पैटर्न को देखते हुए कस्टम विभाग ने भी एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को ' 'हाई-अलर्ट'' पर डाल दिया है। अब केवल सामान्य चेकिंग के भरोसे न रहकर, संदिग्ध रूटों से आने वाले यात्रियों का ' 'डेटा विश्लेषण'' और ' 'एडवांस रिस्क-प्रोफाइलिंग'' की जा रही है। ताकि इन अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अपराधियों को एयरपोर्ट पर कदम रखते ही दबोचा जा सके।

## दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाली 6 अवैध फैक्ट्रियां सील, नियमों की उड़ाई जा रही थी धज्जियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सबोली इलाके में प्रदूषण फैलाने वाली अवैध फैक्ट्रियों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ा अभियान चलाते हुए छह फैक्ट्रियों को सील कर दिया। यह कार्रवाई दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), नगर निगम और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। निगम आयुक्त ममता यादव ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं, रासायनिक गंध और अपशिष्ट पदार्थों को लेकर शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद निरीक्षण अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई फैक्ट्रियों में प्रदूषण नियंत्रण संबंधी मानकों का उल्लंघन पाया गया। कुछ फैक्ट्रियों में बिना अनुमति औद्योगिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, जबकि कई स्थानों पर सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। टीम ने मौके पर आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की और अनियमितताएं पाए जाने पर फैक्ट्रियों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से संचालित और प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। साथ ही लोगों से भी अपील की गई है कि वे अपने आसपास संचालित ऐसी फैक्ट्रियों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## इराक में अली अल-जैदी सरकार: यूएस-ईयू से लेकर ईरान-तुर्किये में कैसा माहौल

**तेहरान, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इराक के नए प्रधानमंत्री अली फलिह काजिम अल-जैदी को पद संभालने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और इराक के बीच लंबे समय से मजबूत और दोस्ताना संबंध रहे हैं और भारत इन रिश्तों को हर क्षेत्र में और मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों की साझा तरक्की और समृद्धि के लिए नए इराकी प्रधानमंत्री के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं। भारत इराक के साथ अपने पुराने और मजबूत संबंधों को बहुत महत्व देता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, निवेश और कूटनीतिक सहयोग आने वाले समय में और मजबूत होगा। सीरिया के लिए विशेष दूत टॉम बैरक ने भी इराक के नए प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका इराक में नए नेतृत्व का स्वागत करता है और दोनों देशों के साझा हितों पर मिलकर काम करना चाहता है। अमेरिका चाहता है कि इराक एक मजबूत, स्थिर और समृद्ध देश बने, जो अपने पड़ोसी देशों के साथ शांति बनाए रखे और अपने नागरिकों को बेहतर अवसर दे। टॉम बैरक ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका की सरकार इराक के साथ आतंकवाद खत्म करने और आर्थिक विकास बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने को तैयार हैं। इराकी संसद ने 14 मई को अली अल-जैदी की सरकार को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि देश में हथियारों पर सिर्फ सरकार का अधिकार होना चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका लगातार इराक पर दबाव बना रहा है कि वह ईरान समर्थित हथियारबंद गुटों को कमजोर करे और उन्हें निरस्त्र करे। संयुक्त राष्ट्र ने भी नई सरकार के गठन का स्वागत किया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि यूएन इराक के लोगों के आर्थिक और सामाजिक विकास में सहयोग जारी रखेगा।

## ईरान पर फिर हमले की तैयारी कर रहा अमेरिका? ट्रंप के पोस्ट से पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में व्याप्त तनाव के बीच एक ऐसा पोस्ट किया है, जिसने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक एआई से बनाई गई तस्वीर साझा की, जिसमें वह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' कैप पहनकर अमेरिकी नौसेना के एक एडमिरल के साथ युद्धपोत पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर में समुद्र में तूफानी मौसम और पीछे ईरानी जहाज भी नजर आ रहे हैं। इसके साथ ट्रंप ने लिखा, 'यह तूफान से पहले की शांति थी'। ट्रंप के इस संदेश को सीधे तौर पर ईरान के लिए चेतावनी माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ फिर से हवाई हमले शुरू करने के विकल्प पर चर्चा कर रहा है। बताया जा रहा है कि अगर कूटनीतिक बातचीत सफल नहीं होती, तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई का रास्ता अपना सकता है। वहीं, एक अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रंप अपनी ईरान नीति को लेकर बड़ा फैसला लेने की तैयारी में हैं। व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संभावित सैन्य योजनाओं पर चर्चा चल रही है। इससे पहले भी ट्रंप ईरान को चेतावनी दे चुके हैं कि अगर जल्द कोई शांति समझौता नहीं हुआ, तो ईरान के लिए 'बहुत बुरा समय' आ सकता है। दूसरी तरफ ईरान भी अपने रुख पर कायम नजर आ रहा है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका की ओर से बातचीत शुरू करने के संकेत मिले हैं, लेकिन तेहरान को अभी भी वॉशिंगटन की नीयत पर भरोसा नहीं है। वहीं ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि ईरान की 14



सूत्रीय शांति योजना के अलावा कोई भी प्रस्ताव बेनतीजा साबित होगा। पश्चिम एशिया में तनाव का सबसे बड़ा केंद्र फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य बना हुआ है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक तेल सप्लाई गुजरती है। ईरान ने यहां शिपिंग कंट्रोल के लिए नया प्रस्ताव भी दिया है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि कुछ समुद्री रास्तों को सीमित किया जा सकता है, जबकि ईरान के साथ सहयोग करने वाले व्यावसायिक जहाजों को नियंत्रित तरीके से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि पिछले महीने युद्धविराम की घोषणा हुई थी, लेकिन हालात अभी भी बेहद नाजुक बने हुए हैं। अमेरिका ने खाड़ी क्षेत्र में अपनी नौसैनिक मौजूदगी मजबूत कर रखी है। ऐसे में ट्रंप के नए बयान और सैन्य कार्रवाई की अटकलों ने पश्चिम एशिया में एक बड़े टकराव की आशंका को फिर बढ़ा दिया है।

## मालदीव में इटली के पांच गोताखोरों की मौत, दो दिन बाद भी एक ही शव हो सका बरामद

**रोम, एजेंसी।** मालदीव में एक गुफा के अंदर स्कूबा डाइविंग के दौरान इटली के पांच गोताखोरों की मौत के बाद शुक्रवार को भी खोज अभियान जारी रहा। इस अभियान में इटली के एक विशेषज्ञ भी पुलिस गोताखोरों और बचाव नौकाओं के समूह में शामिल हुआ।

इटली के पांच नागरिकों की मौत गुरुवार को हुई थी, इसके बाद से ही बचाव अभियान और जांच तेज हो गई है। इटली के विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये पांचों गोताखोर कथित तौर पर गुरुवार को 50 मीटर (164 फीट) की गहराई पर गुफाओं का पता लगाने की कोशिश कर रहे थे, जब यह दुर्घटना हुई। उनकी मौत के सटीक कारणों और परिस्थितियों की अभी जांच की जा रही है।

मालदीव के अधिकारियों ने गुरुवार को घटना के बाद एक बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया था। इसमें नावें, विमान और गोताखोर दल शामिल थे। मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के अनुसार, एक गोताखोर का शव एक गहरे पानी के नीचे की गुफा में मिला था, जिसे लगभग 60 मीटर (200 फीट) की गहराई से निकाला गया।

शेष चार गोताखोरों के उसी गुफा में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने इसे एक खतरनाक और उच्च जोखिम वाला अभियान



बताते हुए अतिरिक्त टीमों और विशेष उपकरणों को भेजा है। हालांकि, खराब मौसम की स्थिति के कारण शवों को निकालने के प्रयासों में देरी हो सकती है।

इटली का विदेश मंत्रालय शवों की बरामदगी के बारे में अधिक जानकारी नहीं दे सका है। मंत्रालय ने बताया कि इटली के एक विशेषज्ञ शुक्रवार को तटरक्षक बल और मालदीव के जहाजों की सहायता कर रहे थे। अधिकारियों ने वावु एटोल में पानी के नीचे की गुफा तक पहुंचने के लिए गोता लगाने की योजना बनाई थी। इटली के कोलंबो में राजदूत, जो मालदीव के साथ संबंधों की देखरेख करते हैं, राजधानी माले में तटरक्षक अधिकारियों से मिलने के लिए पहुंचे हैं। इतालवी दूतावास पीड़ितों के परिवारों के संपर्क में है और उन्हें सहायता प्रदान कर रहा है।

### कैसे हुआ था हादसा?

शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, इटली के गोताखोरों का यह समूह गुरुवार की सुबह अलीमथा के पास गोताखोरी कर रहा था। दोपहर तक सतह पर वापस न आने पर उन्हें लापता घोषित कर दिया गया था। उस समय मौसम की स्थिति को प्रतिकूल बताया गया था और मौसम के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया था।

## इस्राइल का हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर को मार गिराने का दावा, 6 अक्तूबर 2023 के हमले का था मास्टरमाइंड

**यरुशलम, एजेंसी।** इस्राइल ने दावा किया है कि उसकी सेना ने शुक्रवार को गाजा सिटी में किए गए एक हवाई हमले में हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख नेताओं में शामिल इज्ज अल-दीन अल-हद्दाद को मार गिराया। इस्राइल के मुताबिक हद्दाद 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल पर हुए हमास हमलों की योजना और उसे अंजाम देने वाले प्रमुख रणनीतिकारों में से एक था। इस्राइल ने गाजा पट्टी में एक बहुत बड़ा हवाई हमला किया। इस बार इस्राइल के निशाने पर सीधे तौर पर हमास का सबसे बड़ा सैन्य कमांडर था। अब उसकी मौत का खबर साने आ रही है। बताया गया कि उसने यह जिम्मेदारी अपने पूर्ववर्ती मो. सिनवार की मौत के बाद संभाली थी। मोहम्मद सिनवार भी इस्राइल कार्रवाई में मारा गया था। आज हद्दाद के परिवार ने एसोसिएटेड प्रेस को उसकी मौत की पुष्टि की। इस्राइल इसे अपनी सैन्य कार्रवाई की बड़ी सफलता मान रहा है, जबकि क्षेत्र में तनाव लगातार बना हुआ है। हद्दाद की मौत ऐसे समय में हुई है जब इस्राइल और हमास के बीच संघर्षविराम बेहद नाजुक स्थिति में है। हमास के निरस्त्रीकरण समेत कई अहम मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पाई है, जिसके कारण युद्धविराम समझौते की प्रगति धीमी पड़ गई है।

संपादकीय

# केरलम् में सतीशन पर मुहर

केरलम में विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद दस दिनों तक चली ऊहापोह के बाद आखिर कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेता वी.डी.सतीशन को मुख्यमंत्री घोषित कर दिया। वो राज्य के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। केरलम् में सीएम पद की दौड़ में तीन नाम थे, जिनमें अव्वल नंबर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सीएम पद के दावेदार के.सी.वेणुगोपाल तथा तीसरे नंबर पर वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नीथला थे। माना जा रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी से नजदीकी के चलते वेणुगोपाल सीएम बन सकते हैं, लेकिन राज्य के लोग सतीशन के पक्ष में ज्यादा थे। यही नहीं, कांग्रेसनीत यूडीएफ गठबंधन में शामिल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग तो पहले ही सतीशन के रूप में अपनी पसंद जाहिर कर दी थी। लिहाजा इसे मुस्लिम लीग के दबाव में किया गया फैसला भी माना जा सकता है। उत्तर केरल में आईयूएमएल की भूमिका अहम है, खास तौर पर वायनाड जैसी लोकसभा में और 10 से 12 विधानसभाओं में भी उनका प्रभाव है। बावजूद इसके इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि सतीशन राज्य में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं और केरल की राजनीति से उनका जमीनी जुड़ाव है। अधिकांश विधायक भी उन्हीं के पक्ष में थे। पार्टी आलाकमान ने अंतिम फैसले के पहले संगठन के विभिन्न स्तरों से फीडबैक लिया और सतीशन के पक्ष में ग्रास रूट सेंटीमेंट को ज्यादा तवज्जो दी। वैसे सतीशनको कांग्रेस नेता प्रियंका और सोनिया गांधी के भी करीबी माना जाता है। उन्हें नेता प्रतिपक्ष भी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के कहने पर ही बनाया गया था। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो की भूमिका अहम थी। जबकि वेणुगोपाल 6 साल से केन्द्र की राजनीति में सक्रिय हैं। उनका लोकल कनेक्ट कम हो गया था। वीडी सतीशन कांग्रेस के कद्दावर नेता हैं, जो कि 2001 में पहली बार परवूर से चुनाव जीतने के बाद इस सीट से कभी नहीं हारे। सतीशन एलएलएम तक शिक्षित हैं। उनकी अध्ययन में गहरी रूचि है। राजनीति में उन्होंने छात्र जीवन में ही केरल स्टूडेंट यूनियन के माध्यम से कदम रख दिया था। और 1986-1987 के दौरान महात्मा गांधी विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष चुने गए। इसके साथ ही, उन्होंने कांग्रेस की छात्र शाखा नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी भी निभाई। बाद में हाई कोर्ट में वकालत शुरू की। चुनावी राजनीति में उनका पहला कदम 1996 में पड़ा, जब उन्होंने परावूर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा। यह क्षेत्र तब कम्युनिस्ट पार्टी का गढ़ था और उन्हें भाकपा के उम्मीदवार पी. राजू से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद सतीशन ने हार नहीं मानी और क्षेत्र में सक्रिय रहे। साल 2001 में उन्हें अपनी पहली बड़ी राजनीतिक सफलता मिली, जब वे परवूर निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार केरल विधानसभा के लिए विधायक चुने गए और तब से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। 2011 से 2016 के बीच जब राज्य में यूडीएफ (यूडीएफ) की सरकार थी, तब सतीशन पार्टी के अंदर ही एक बागी आवाज के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने हरित राजनीति का समर्थन किया और अपनी ही पार्टी के नेताओं के प्रभावशाली सामुदायिक नेताओं के आगे झुकने का कड़ा विरोध किया। उन्होंने हमेशा चुनाव में टिकट बंटवारे के लिए योग्यता को पैमाना बनाने की वकालत की। करोड़पति नेता सतीशन के सामने आगे कई चुनौतियां हैं। उन्हें राज्य में कांग्रेस को मजबूत करना और भाजपा के बढ़ते असर को रोकना है। साथ ही केन्द्र सरकार से बेहतर तालमेल बनाते हुए केरलम् को विकास के पथ पर आगे ले जाना है। सबसे पहले तो सतीशन को अपनी ही पार्टी के केसी वेणुगोपाल से निपटना होगा, क्योंकि इस बात की संभावना बहुत कम है कि वेणु सतीशन को चैन से राज करने देंगे।

# व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का आधार हो 12वीं की परीक्षा

भारत में मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं (जैसे नीट यूजी 2026) में पेपर लीक होना एक गंभीर मुद्दा है, जो न केवल लाखों छात्रों की मेहनत पर पानी फेर देता है। जब पेपर लीक होता है, तो अयोग्य छात्र पैसे के दम पर सीट हासिल कर लेते हैं। इससे उन मेहनती और योग्य छात्रों का भविष्य बर्बाद हो जाता है जिन्होंने वर्षों तक दिन-रात मेहनत की होती है। बार-बार परीक्षाओं का रद्द होना या धांधली की खबरें आना छात्रों में डिप्रेशन, चिंता और सिस्टम के प्रति अविश्वास पैदा करता है। एक औसत भारतीय परिवार अपने बच्चे को डॉक्टर बनाने के लिए जीवन भर की कमाई लगा देता है। परीक्षा रद्द होने पर कोचिंग, फॉर्म और यात्रा का अतिरिक्त आर्थिक बोझ माता-पिता पर पड़ता है। यदि पेपर लीक की सुविधा से बिना योग्यता वाले लोग डॉक्टर बनेंगे, तो भविष्य में देश की स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर गिरेगा, जो सीधे तौर पर जन-स्वास्थ्य के लिए खतरा है।

**ब्रजेश कानूनगो**

केवल मेडिकल परीक्षाओं में ही नहीं हमारे यहां अन्य व्यावसायिक प्रवेश परीक्षाओं में भी ऐसी पेपर लीक हो जाने की घटनाएं होती रहीं हैं। इंजीनियरिंग, शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, बैंकिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार सामने आए पेपर लीक मामलों ने युवाओं में निराशा और आक्रोश पैदा किया है।

नीट 2024 के प्रश्नपत्र लीक होने और अनियमितताओं के आरोपों ने पूरे देश में विवाद खड़ा कर दिया। कई राज्यों में गिरफ्तारी हुई और परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न उठे। यूजीसी नेट (तष्ट-हृश्वञ्ज 2024) परीक्षा को सरकार ने रद्द कर दिया क्योंकि इसके प्रश्नपत्र डार्क वेब और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने की आशंका जताई गई। स्ह्लड्डद्धद्ध स्द्मद्यद्गष्ह्लद्धशठ्ठ ष्टश्वद्बद्धह्यद्बद्धशठ्ठ तथा रेलवे भर्ती परीक्षाओं में कई बार तकनीकी गड़बड़ियों और पेपर लीक के आरोप लगे। 2018 में व्यापक छात्र आंदोलन भी हुए। व्यापमं घोटाला भारत के सबसे चर्चित परीक्षा घोटालों में से एक रहा। इसमें मेडिकल प्रवेश, भर्ती परीक्षाओं और फर्जी अभ्यर्थियों के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ। पुलिस भर्ती, पटवारी परीक्षा, शिक्षक भर्ती आदि में भी कई राज्यों में प्रश्नपत्र लीक की घटनाएँ सामने आईं। इससे लाखों परीक्षार्थियों को पुनः परीक्षा देनी पड़ी।

दरअसल, पेपर लीक अब छोटे स्तर की घटना नहीं रह गई है। इसमें कई बार कोचिंग माफिया, साइबर अपराधी, प्रिंटिंग प्रेस कर्मचारी, दलाल और कुछ भ्रष्ट अधिकारी शामिल पाए जाते हैं। संगठित अपराध और भ्रष्टाचार के कारण हमारी परीक्षा प्रणाली कमजोर और असुरक्षित हो गई है। कई बार प्रश्नपत्रों की छपाई, परिवहन और वितरण के दौरान पर्याप्त डिजिटल एवं भौतिक सुरक्षा नहीं होने से गोपनीयता भंग हो जाती है। बेरोजगारी और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के चलते तथा सीमित नौकरियों और सीटों के कारण परीक्षा पास करने का दबाव बहुत अधिक है। कुछ अभ्यर्थी गलत रास्ता अपनाने को लालायित हो जाते हैं। सोशल मीडिया के टेलीग्राम,



व्हाट्सऐप, ब्लूटूथ डिवाइस, डार्क वेब और हैकिंग तकनीकों का उपयोग कर प्रश्नपत्र तेजी से विस्तारित होने लगते हैं। अपराधियों को पकड़ लिए जाने के बावजूद लंबी कानूनी प्रक्रिया और दोषसिद्धि दर कम होने के कारण अपराधियों में दंड का डर कम दिखाई देता है।

घटनाओं के हो जाने के बाद एक बना बनाया रवैया अपना लिया जाता है। मामलों की जांच सीबीआई याने केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी जाती है। इस जांच के परिणाम और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही इतनी देर से हो पाती है कि छात्रों की प्रवेश की उम्र ही निकल जाती है।

खबरों के अनुसार हाल ही की 3 मई 2026 को आयोजित नीट यूजी (हृश्वश्वञ्ज-त्न 2026) परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में जांच बहुत तेज हो गई है और इसमें महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, बताया जाता है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (ष्टक्चढ्ढ) ने इस मामले में मास्टरमाइंड्स सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें दिल्ली की एक अदालत ने 7 दिनों की ष्टक्चढ्ढ हिरासत में भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि पेपर बाहर से नहीं बल्कि सिस्टम के अंदर से ही लीक किया गया, जिसमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के किसी करीबी या अंदरूनी व्यक्ति की भूमिका भी हो सकती है।

अब होगा यह कि आरोपियों के खिलाफ वित्तीय जांच शुरू कर दी जाएगी, संदिग्धों के संपत्तियों का पता लगाया जाएगा। सीबीआई द्वारा कई जगहों पर छापेमारी की जाएगी और आरोपियों के पास से आपत्तिजनक दस्तावेज, जाली स्टैम्प और हार्ड डिस्क आदि को अपने कब्जे में लिया जाएगा या यह सब अब तक किया भी जा चुका हो। समाचार है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा फिर से कराने की याचिका को खारिज कर दिया है, लेकिन गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

लेकिन ध्यान देने वाली बात तो यह है कि पूर्व में ऐसे मामलों में ऐसी ही कार्यवाहियां होती रही हैं फिर भी बार बार पेपर लीक की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं क्यों हो जाती है? इनका स्थाई निदान करने में सफलता क्यों नहीं मिल पा रही? यद्यपि सिस्टम को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए विशेषज्ञ अनेक सुझाव देते रहे हैं। तकनीकी, प्रशासनिक और कानूनी सुधार के साथ माफिया की पहचान और उन पर प्रभावी लगाम सख्ती से लगाने की बातें भी खूब कही गई हैं। पूरी तरह डिजिटल परीक्षा, डिजिटल रूप से प्रश्न पत्रों कुछ मिनट पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाना जो केवल पास वर्ड की मदद से ही खुल सकें, एआई तथा बायो मीट्रिक तकनीक सत्यापन से डमी कैंडिडेट को रोका जाना साथ ही पकड़े जाने पर 10 साल की जेल और एक करोड़ रुपयों के जुर्माने के सुझाव और नियम कानूनों के उपरांत भी घटनाओं का होना बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाता है। संदेह जताया जाता है कि अक्सर पेपर लीक के तार बड़े कोचिंग संस्थानों या संगठित अपराधियों से जुड़े होते हैं। यह सोचा जाना चाहिए कि सरकार द्वारा कोचिंग सेंटरों के लिए सख्त पंजीकरण और निगरानी प्रणाली विकसित करने में देरी क्यों हो जाती है।

मेडिकल और कई व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए दुनिया भर मेंप्रवेश की प्रक्रियाएं अलग-अलग हैं। कई देशों में कठिन प्रवेश परीक्षाएं होती हैं, जबकि कुछ देश ऐसे भी हैं जो केवल स्कूल के अंकों (12वीं या हायर सेकेंडरी) के आधार पर प्रवेश देते हैं।जिन देशों में मेडिकल की पढ़ाई के लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होती (या अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रक्रिया सरल है)। यहाँ मुख्य रूप से 12 वीं कक्षा में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के अंकों के आधार पर प्रवेश मिल जाता है उनमें रूस, चीन, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, रोमानिया, जॉर्जिया देश शामिल हैं। क्या हम व्यावसायिक प्रवेश परीक्षाओं की बजाए इसी तरह हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के बारे में एक बार विचार कर सकते हैं? ऐसा होने से हमारी स्कूली शिक्षा का स्तर भी उल्लेखनीय रूप से गुणवत्तापूर्ण हो सकेगा।

बच्चों का भविष्य बचाने के लिए केवल तकनीक काफी नहीं है, बल्कि एक 'नैतिक संस्कृति' विकसित करने की जरूरत है। जब तक परीक्षा कराने वाली एजेंसियां, प्रिंटिंग प्रेस और केंद्र अधीक्षक पूरी ईमानदारी से काम नहीं करेंगे, तब तक पूर्ण सुरक्षा कठिन है। पेपर लीक केवल परीक्षा से जुड़ी तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि यह युवाओं के विश्वास, सामाजिक न्याय और राष्ट्र की प्रतिभा व्यवस्था से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। यदि योग्य और मेहनती विद्यार्थियों को न्याय नहीं मिलेगा, तो देश की शिक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर होगी। इसलिए सरकार, परीक्षा एजेंसियों, तकनीकी विशेषज्ञों और समाज को मिलकर ऐसी प्रणाली विकसित करनी होगी जिसमें पारदर्शिता, सुरक्षा और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता हो।

अध्यात्म

## शुभचिन्तक की अज्ञानवस भी उपेक्षा न करें

एक कुम्हार को मिट्टी खोदते हुए अचानक एक हीरा मिल गया, उसने उसे अपने गधे के गले में बांध दिया। एक दिन एक बनिए की नजर गधे के गले में बंधे उस हीरे पर पड़ गई, उसने कुम्हार से उसका मूल्य पूछा। बनिए ने कुम्हार को सवा सेर गुड़ देकर वह हीरा खरीद लिया। बनिए ने भी उस हीरे को एक चमकीला पत्थर समझा था, लेकिन अपनी तराजू की शोभा बढ़ाने के लिए उसकी डंडी से बांध दिया। एक दिन एक जौहरी की नजर बनिए के उस तराजू पर पड़ गई, उसने बनिए से उसका दाम पूछा बनिए ने कहाः पांच रुपए। जौहरी कंजूस व लालची था, हीरे का मूल्य केवल पांच रुपए सुन कर समझ गया कि बनिया इस कीमती हीरे को एक साधारण पत्थर का टुकड़ा समझ रहा है। वह उससे भाव-ताव करने लगाः पांच नहीं, चार रुपए ले लो। बनिये ने मना कर दिया क्योंकि उसने चार रुपए का सवा सेर गुड़ देकर खरीदा था। जौहरी ने सोचा कि इतनी जल्दी भी क्या है? कल आकर फिर कहूंगा, यदि नहीं मानेगा तो पांच रुपए देकर खरीद लूंगा। संयोग से दो घंटे बाद एक दूसरा जौहरी कुछ जरूरी सामान खरीदने उसी बनिए की दुकान पर आया। तराजू पर बंधे हीरे को देखकर वह चौंक गया, उसने सामान खरीदने के बजाए उस चमकीले पत्थर का दाम पूछ लिया। बनिए के मुख से पांच रुपए सुनते ही उसने झट जेब से निकालकर उसे पांच रुपये थमाए और हीरा लेकर खुशी-खुशी चल पड़ा। दूसरे दिन वह पहले वाला जौहरी बनिए के पास आया, पांच रुपए थमाते हुए बोलाः लाओ भाई दो वह पत्थर। बनिया बोलाः वह तो कल ही एक दूसरा आदमी पांच रुपए में ले गया। यह सुनकर जौहरी ठगा सा महसूस करने लगा। अपना गम कम करने के लिए बनिए से बोलाः अरे मूर्ख..! वह साधारण पत्थर नहीं, एक लाख रुपए कीमत का हीरा था। बनिया बोलाः मुझसे बड़े मूर्ख तो तुम हो, मेरी दृष्टि में तो वह साधारण पत्थर का टुकड़ा था, जिसकी कीमत मैंने चार रुपए मूल्य के सवा सेर गुड़ देकर चुकाई थी, पर तुम जानते हुए भी एक लाख की कीमत का वह पत्थर, पांच रुपए में भी नहीं खरीद सके। हमारे जीवन मे भी अक्सर ऐसा होता है, हमें हीरे रूपी सच्चे शुभचिन्तक मिलते हैं, लेकिन अज्ञानतावश पहचान नहीं कर पाते और उसकी उपेक्षा कर बैठते हैं, जैसे इस कथा में कुम्हार और बनिए ने की। कभी पहचान भी लेते हैं, तो अपने अहंकार के चलते तुरन्त स्वीकार नहीं कर पाते और परिणाम पहले जौहरी की तरह हो जाता है और पश्चाताप के अतिरिक्त कुछ हासिल नहीं हो पाता।

# सेप्सिस का अदृश्य खतरा और हमारी स्वास्थ्य रणनीति

भारत में सेप्सिस की भयावहता जितनी तेज़ी से बढ़ रही है, उतनी ही तेज़ी से हमें विज्ञान की दिशा बदलने की ज़रूरत है। आधुनिक तकनीकें हमारे सामने उपलब्ध हैं। ज़रूरत सिर्फ यह है कि हम पुरानी, अप्रासंगिक और अमानवीय शोध पद्धतियों को पीछे छोड़कर वैज्ञानिक रूप से अधिक सटीक, मानवीय और प्रभावी मॉडल अपनाएं। सेप्सिस के खिलाफ यह लड़ाई तभी जीती जा सकती है जब हम विज्ञान और संवेदना दोनों के सही मिश्रण के साथ आगे बढ़े। भारत को स्वास्थ्य विज्ञान के इस नए युग में कदम रखने की आवश्यकता है। यह परिवर्तन न सिर्फ लाखों लोगों की जान बचा सकता है बल्कि अनगिनत जानवरों को अनावश्यक और पीड़ादायक प्रयोगों से भी मुक्त कर सकता है।

**कुमार सिद्धार्थ एवं डॉ. सम्यक जैन**

हमारे देश के मौजूदा स्वास्थ्य परिदृश्य में, जहां डेंगू, मलेरिया, टीबी, हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियां पहले से ही भारी दबाव पड़ रही हैं, सेप्सिस एक ऐसा खतरा बनकर उभर रहा है जो अक्सर नज़र नहीं आता, लेकिन सबसे घातक साबित होता है। देश के अस्पतालों में सेप्सिस अब एक रोज़मर्रा की हकीकत बन चुका है। गहन चिकित्सा कक्ष (ढ्ढष्ट) में भर्ती हर चौथा मरीज़ किसी न किसी संक्रमण से उपजी सेप्सिस जैसी गंभीर स्थिति में पाया जाता है। नवजात मृत्यु के कारणों की पड़ताल करें तो लगभग एक-तिहाई मौतें सीधे सेप्सिस से जुड़ी मिलती हैं।

ग्रामीण भारत में यह स्थिति और भी घातक रूप ले लेती है, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं और संक्रमण की पहचान अक्सर देर से होती है। कई बार समय पर एंटीबायोटिक या सही हस्तक्षेप न मिलने पर मरीज़ कुछ ही घंटों में मौत के करीब पहुंच जाता है।

दरअसल, सेप्सिस को केवल संक्रमण की जटिलता मानना भ्रामक है। यह एक ऐसी स्थिति है जहां शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अनियंत्रित होकर अपने ही अंगों पर हमला करने लगती है। शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया अनियंत्रित हो जाती है और संक्रमण से पैदा हुई सूजन पूरे शरीर में फैलकर दिल, फेफड़ों, गुर्दों और मस्तिष्क जैसे महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचा देती है। सरल शब्दों में, सेप्सिस संक्रमण के कारण शरीर का अपने ही खिलाफ सिर उठाना है। और, यही इसे इतना घातक और उग्र बना देता है।

हमारे देश में सेप्सिस की भयावहता इस बात से भी साफ होती है कि अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीज़ों के लिए मृत्यु का बड़ा कारण अब यही बनता जा रहा है। नवजात शिशुओं में यह स्थिति कई बार जन्म के तुरंत बाद होने वाले संक्रमणों से उभरती है। प्रसूता-गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और कमज़ोर प्रतिरक्षा वाले लोगों के लिए इसका खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

हमारे देश में सेप्सिस एक छिपी महामारी की तरह व्यवहार करता है। अन्य बीमारियों की अंतिम और सबसे घातक कड़ी अक्सर यही बनता है। इसलिए सेप्सिस को अब एक अलग स्वास्थ्य प्राथमिकता के रूप में देखने और राष्ट्रीय स्तर पर इसके लिए विशेष रणनीति तैयार करने की ज़रूरत है।

आंकड़े बताते है कि दुनिया भर में सेप्सिस हर साल एक करोड़ से ज़्यादा लोगों की जान लेता है, जो वैश्विक मौतों का पांचवां हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिसीज़ के अध्ययन बताते हैं कि सेप्सिस की सर्वाधिक मार निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर पड़ती है, जिनमें भारत भी शामिल है। अपने देश में वर्ष 2017 के अनुमान के अनुसार लगभग 1 करोड़ 13 लाख मामले और करीब 29 लाख मौतें इसी के कारण हुई हैं। आईसीयू आधारित शोध बताते हैं कि देश के गहन चिकित्सा कक्षों में हर दो में से एक मरीज़ किसी न किसी रूप में सेप्सिस से पीड़ित




पाया जाता है, और ऐसे मरीज़ों की अस्पताल मृत्यु दर 30-40 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। नवजात शिशुओं में यह बोझ और भी भारी है, जहां करीब एक-तिहाई मौतें संक्रमणजन्य सेप्सिस से जुड़ी पाई गई हैं।

लेकिन इस गंभीर बीमारी पर हो रहे शोध की स्थिति निराशाजनक है। दुनिया और भारत में, सेप्सिस पर होने वाला अधिकांश वैज्ञानिक कार्य अभी भी उस पुराने ढांचे पर टिका है, जिसमें चूहों, खरगोशों, गिनी पिगों, बकरियों, कुत्तों और कभी-कभी बंदरों तक पर प्रयोग किए जाते हैं। इन जानवरों को प्रयोगशाला की परिस्थितियों में जबरन संक्रमित किया जाता है, आंतों में छेद करके बैक्टीरिया फैलाया जाता है या उन्हें बैक्टीरियल ज़हर की उच्च खुराक दी जाती है। लेकिन मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया इन जानवरों से इतनी अलग है कि ऐसे प्रयोगों से मिलने वाले परिणाम मनुष्यों पर लगभग कभी लागू नहीं होते।

पिछले चार दशकों में डेढ़ सौ से अधिक ऐसी दवाएं रही हैं, जो चूहों या अन्य जंतुओं में सेप्सिस का इलाज करती दिखीं, पर मानव परीक्षण में पूरी तरह असफल रहीं। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थानों, जैसे - स्टैनफोर्ड, हार्वर्ड, एनआईएच आदि का निष्कर्ष है कि जंतु-आधारित मॉडल सेप्सिस का मानव स्वरूप समझने के लिए विश्वसनीय साधन नहीं हैं।

अपने देश में भी स्थिति अलग नहीं है। आईसीएमआर के कई प्रतिष्ठित केंद्र, कुछ ऐम्स संस्थान और निजी बायोमेडिकल प्रयोगशालाएं आज भी जंतु-आधारित मॉडल को सेप्सिस अध्ययन का आधार बनाए हुए हैं। इन परीक्षणों की पारदर्शिता कम है और उनसे मिलने वाले वैज्ञानिक परिणाम अत्यंत सीमित। जिस बीमारी के कारण अस्पतालों में लाखों मरीज़ चुपचाप मौत के करीब पहुंच रहे हों, उसके शोध का तरीका अगर मानव-प्रासंगिक न हो तो समाधान हमेशा दूर ही बना रहेगा।

अलबत्ता, तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक नहीं है। भारत में कुछ वैज्ञानिक संस्थान नई दिशाएं भी टटोल रहे हैं। आईआईटी मद्रास का ऑर्गन्स-ऑन-चिप्स कार्यक्रम, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) का सेप्सिस प्रेडिक्शन मॉडल, ऐम्?स दिल्ली में नवजात सेप्सिस के लिए विकसित बायोमार्कर और कुछ निजी प्रयोगशालाओं में एआई आधारित सेप्सिस अलर्ट सिस्टम ये सब संकेत देते हैं कि भारत आधुनिक, मानव-आधारित विज्ञान अपनाने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। दुनिया भर में अब एआई-आधारित निदान और कम्प्यूटेशनल सिमुलेशन को भविष्य की दिशा माना जा रहा है। ये पद्धतियां न केवल अधिक विश्वसनीय हैं, बल्कि जानवरों पर होने वाली क्रूरता और वैज्ञानिक विफलताओं से भी मुक्त हैं।

भारत में सेप्सिस की भयावहता जितनी तेज़ी से बढ़ रही है, उतनी ही तेज़ी से हमें विज्ञान की दिशा बदलने की ज़रूरत है। आधुनिक तकनीकें हमारे सामने उपलब्ध हैं। ज़रूरत सिर्फ यह है कि हम पुरानी, अप्रासंगिक और अमानवीय शोध पद्धतियों को पीछे छोड़कर वैज्ञानिक रूप से अधिक सटीक, मानवीय और प्रभावी मॉडल अपनाएं। सेप्सिस के खिलाफ यह लड़ाई तभी जीती जा सकती है जब हम विज्ञान और संवेदना दोनों के सही मिश्रण के साथ आगे बढ़े। भारत को स्वास्थ्य विज्ञान के इस नए युग में कदम रखने की आवश्यकता है। यह परिवर्तन न सिर्फ लाखों लोगों की जान बचा सकता है बल्कि अनगिनत जानवरों को अनावश्यक और पीड़ादायक प्रयोगों से भी मुक्त कर सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
पति-पत्नी के बीच आपसी सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। दूसरे लोगों की समस्याओं को सुलझाने में भी आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

**वृषभ**
आज आपका मन कुछ कारणों से अशान्त रहेगा। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। अनैतिक कार्यों की ओर आप आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र और व्यापार दोनों में ही आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आ रही गलतफहमियों को दूर करने के लिये काफी अच्छा दिन है।

**कर्क**
अपनी कार्यशैली में आप परिवर्तन लायेंगे। नयी नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। युवा जातक अपने प्रेमीजन को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह**
वैवाहिक जीवन को समय नहीं दे पायेंगे। घर के किसी बुजुर्ग सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। उच्च अधिकारियों के साथ अपने सम्बन्ध खराब न करें।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में लोग आपको पर्याप्त महत्व नहीं देंगे। अच्छे साहित्य का अध्ययन करें। परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है।

**तुला**
व्यवसाय में परिवर्तन करने का विचार बनायेंगे। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। उच्च पद से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं।

**वृश्चिक**
अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के लिये दिन अच्छा है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

**धनु**
करियर को लेकर मन में दुविधा की स्थिति रहेगी। छोटे बच्चों को मौसमी बीमारियाँ घेर सकती हैं। घर के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होना पड़ सकता है।

**मकर**
जीवनसाथी के साथ तनाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको वाणी पर संयम रखना चाहिये। परिवार के लोग आपसे असन्तुष्ट हो सकते हैं। विवाह को लेकर जल्दबाजी न करें।

**कुंभ**
आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम को आपके घर में अतिथि आ सकते हैं। बच्चों की उपलब्धियों पर आपको गर्व की अनुभूति होगी।

**मीन**
आज मानसिक रूप से कुछ परेशान रहेंगे। पुराने मित्रों से दोबारा सम्पर्क मजबूत होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में मन लगेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आयकर भवन में दिन-रात जल रही स्ट्रीट लाइट, अधिकारी बेखबर




**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** स्थानीय आयकर भवन कार्यालय में बिजली की सरेआम बर्बादी का एक बड़ा मामला सामने आया है। पिछले चार दिनों से कार्यालय भवन के ऊपर लगी स्ट्रीट लाइट दिन के उजाले में भी लगातार जल रही हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते चौबीसों घंटे बिजली फूंक रही है। बता दें कि एक तरफ सरकार और बिजली विभाग आम जनता से बिजली बचाने की अपील करते हैं। दूसरी तरफ सरकारी महकमे ही इस मुहिम को ठेंगा दिखा रहे हैं। आयकर भवन जैसी महत्वपूर्ण इमारत पर दिन में लाइटें जलना अधिकारियों की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसा लगता है जैसे विभाग के आला अधिकारी आंखें मूंदे सोए हुए हैं।आस-पास के दुकानदारों और राहगीरों ने बताया कि यह सिलसिला पिछले काफी दिनों से लगातार जारी है। सूरज निकलने के बाद भी इस लाइट को बंद करने की जहमत किसी कर्मचारी ने नहीं उठाई। इस लापरवाही से हर महीने राजस्व को हजारों रुपये का चूना लग रहा है। सजग नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से इस मामले में तुरंत संज्ञान लेने और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### 15 वर्षों से अंधेरे में 13 CDR गांव के 35 परिवार

- बिजली विभाग की अनदेखी से ग्रामीण परेशान



**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर घर बिजली पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं लेकिन जिले विकास के दावों के बीच टिब्बी तहसील का चक 13 सीडीआर गांव पिछले 15 सालों से अंधेरे में डूबा है। बिजली विभाग की अनदेखी से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली कनेक्शन नहीं मिले, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।ग्रामीणों के अनुसार चक 13 सीडीआर कॉलोनी में करीब 30-35 पक्के मकान हैं। क्षेत्र की अन्य ढाणियों में बिजली पहुंच चुकी है। इसके बावजूद मुख्य कॉलोनी को आज तक विद्युत ग्रिड से नहीं जोड़ा गया है विभाग के चक्कर काटकर थक चुके ग्रामीणों को अब प्रशासनिक दखल की उम्मीद है। ग्रामीणों ने बताया कि यह इलाका राइस बेल्ट में आता है। पानी की अधिकता के कारण यहां मच्छरों का भारी प्रकोप है। बिजली और पंखे न होने से ग्रामीण डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इसके अलावा रोशनी न होने से स्कूली बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो चुकी है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के टिब्बी और हनुमानगढ़ अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में मोहनलाल, लक्ष्मी, मदन सिंह, बलवन्त सिंह, कृष्णा दत्त, पन्चू, सीमा रानी, देवीलाल, बलविन्द्र कौर, कौशल्या, अंग्रेज सिंह, जसवन्त सिंह, गुरनाम, सन्तोषी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### ''रंग-ए-राजस्थान आर्ट एग्ज़ीबिशन'' का समापन



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में 17 अप्रैल से 17 मई 2026 तक आयोजित ''रंग-ए-राजस्थान आर्ट एग्ज़ीबिशन'' का सफल समापन हुआ। एक माह तक चली इस प्रदर्शनी में 1000 से अधिक कला प्रेमियों, विद्यार्थियों और कलाकारों ने भाग लिया। प्रदर्शनी ''एग्ज़ीबिशन-कम-सेल'' के रूप में आयोजित की गई, जिसमें कई प्रसिद्ध एवं युवा कलाकारों की कलाकृतियों की सफल बिक्री हुई। फ्क्क्ड ने केवल 5% कमीशन रखकर कलाकारों को प्रोत्साहन देने की अनूठी पहल की। डायरेक्टर श्री निहालचंद गोयल के मार्गदर्शन एवं क्यूरेटर निकहत अंसारी के विशेष योगदान से यह आयोजन कला जगत में चर्चा का विषय बना। ''रंग-ए-राजस्थान'' कला, संस्कृति और रचनात्मकता का जीवंत उत्सव साबित हुआ।

# भारत विकास परिषद जालौर द्वारा मानवीय सेवा कर पीड़ित परिवार को राहत सामग्री बांटी

चमकता राजस्थान

**जालौर /कयूम खान /फोटो साबिर सागर।** भारत विकास परिषद जालौर द्वारा जरूरतमंद , पीड़ित प्राणी मात्र की सेवा कार्य हेतु प्रतिबद्धता के क्रम में शनिवार सायं निकटवर्ती तड़वा गांव स्थित बालका राम पुत्र प्रेमाराम भील के परिवार जनों को खाने-पीने एवं नित्य प्रतिदिन आवश्यकता की वस्तुएं, बर्तन , बिस्तर, सहित अनेकों वस्तुएं भेंट कर सहायता प्रदान की, ज्ञात रहे कि भीषण गर्मी की तपती दोपहरी में गत 12 मई को बालका राम की झोपड़ी में अचानक आग लग जाने से




वहां मौजूद खाद्य वस्तुएं , घरेलू सामग्री , बर्तन एवं अन्य समस्त वस्तुएं पूर्णतया जलकर राख हो गई थी, एवं किसी भी प्रकार से उपयोग लायक नहीं बची थी, इस विकट स्थिति में बालका राम का बारह सदस्यों का यह संयुक परिवार खुले आसमान के नीचे रहने एवं सोने पर विवश था, इस दुखद घटनाक्रम का परिषद की प्रांतीय महिला संयोजक श्रीमती मधु शेखावत की जानकारी में आने पर उन्होंने परिषद के भामाशाहों से संपर्क कर, एवं प्रांतीय संयोजक सेवा मदनलाल माली से समन्वय कर , त्वरित कार्यवाही करते हुए प्राथमिक स्तर पर दैनिक आवश्यकता की मूलभूत सामग्री , खाद्य वस्तुएं, कपड़े, कंबल, बर्तन इत्यादि संग्रहित एवं क्रय कर शनिवार सायं परिषद सदस्यों सहित तड़वा गांव जाकर पीड़ित परिवार को वस्तुएं भेंट की, वस्तुएं पाकर पीड़ित परिवार के पुरुषों, महिलाओं, एवं बच्चों ने अत्यंत भाव विभोर होकर परिषद द्वारा मानवीय सेवा हेतु निस्वार्थ भाव से किए गए, इस कार्य हेतु भारत विकास परिषद का बहुत बहुत धन्यवाद करते हुए भाव विभोर होकर सभी का हृदय की गहराईयों से आभार व्यक्त किया । परिषद द्वारा परिवार की आगे भी और सहायता करने हेतु आश्वस्त किया।

परिषद के सेवा संबंधित इस अवसर पर प्रांतीय संयोजक सेवा मदन लाल माली ,प्रांतीय महिला संयोजक मधु शेखावत, सचिव शांतिलाल सोनी, कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी, शाखा महिला संयोजक सीता सुन्देशा ,राजेंद्र सिंह काबावत,श्रीमती कलावती देवी , हंजा देवी , सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद रहे।

## बोली पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण सम्पन्न

चमकता राजस्थान

**सूरज मल वैष्णव /बोली/ उपखंड।** मुख्यालय पर भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूस-रे दिन समापन सत्र में राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदरणीय श्री मदन जी राठौड़ की प्रेरणादायी उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नया जोश, ऊर्जा एवं संगठन के प्रति समर्पण का भाव जागृत किया।

प्रदेश अध्यक्ष महोदय जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार राष्ट्रसेवा, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ता आधारित कार्यशैली है। उन्होंने



कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आ''ान किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष आदरणीय श्री निहालचंद जी मेघवाल, खंडार विधायक श्री जितेंद्र गोठवाल जी, निवर्तमान सांसद श्री सुखबीर सिंह जौनपुरिया जी, जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर,जिला प्रभारी श्री संजय जी नरूका, जिला वर्ग प्रभारी श्री सत्यनारायण चौधरी जी, पूर्व विधायक श्रीमती चंद्रकांता मेघवाल जी, प्रदेश मंत्री श्री नारायण मीणा जी, पूर्व प्रदेश मंत्री श्री प्रेमसिंह बनवासा जी, भाजपा प्रत्याशी श्री राजेंद्र मीणा जी, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्री ओमप्रकाश डंगोरिया जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री केदार जी मीणा, श्री प्रेम प्रकाश शर्मा जी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. भरत लाल मथुरिया जी, श्री सुरेश चंद जैन जी, श्री बजरंग लाल जाट जी, प्रधान श्री कृष्ण पोसवाल जी, प्रधान श्रीमती मंजू गुर्जर जी एवं निवर्तमान सभापति श्री शिवरतन अग्रवाल जी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की रीति-नीति, विचारधारा, सेवा, सुशासन एवं आगामी रणनीतियों पर गहन मंथन हुआ। यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी, मार्गदर्शक एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने वाला सिद्ध हुआ।

### सहारनपुर पुलिस का अपराधियों पर चौतरफा प्रहार:

### स्मैक व चरस के साथ दो नशा तस्कर, दो चोर और लूट की झूठी सूचना देने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद को अपराधमुक्त और नशामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सहारनपुर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों, चोरों और पुलिस को गुमराह करने वाले तत्वों के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। ₹नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर₹ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए थाना फतेहपुर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 28.46 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने भी मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अन्य शातिर अभियुक्त को दबोचकर उसके पास से 125 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। वहीं, संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाते हुए थाना सदर बाजार पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय दो शातिर चोरों को धर दबोचा, जिनकी निशानदेही पर ई-रिक्शा से चोरी की गई एक बैटरी बरामद की गई। इसके अतिरिक्त, सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने वालों को कड़ा सबक सिखाते हुए थाना नांगल पुलिस ने आपातकालीन सेवा डायल-112 पर लूट की झूठी व भ्रामक सूचना देकर सनसनी फैलाने वाले दो शातिर अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया था। पुलिस की इन संयुक्त और प्रभावी कार्रवाइयों से जनपद के अपराधियों और शरारती तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### नगर निगम सहारनपुर: महापौर ने दिया सफाई कर्मचारियों को हितों की रक्षा का भरोसा, नियमित कार्य करने की अपील की



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा 58 वार्डों में लागू की जा रही समग्र सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मचारियों की आशंकाओं के बीच, महापौर डॉ. अजय कुमार ने स्पष्ट किया है कि निगम कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सफाई कर्मचारी यूनियनों के नेताओं बृज मोहन चिनालिया, सोनी आजाद, अविनाश बिरला और राहुल बाल्मीकि के नेतृत्व में मिले एक प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए महापौर ने कहा कि इस नई व्यवस्था से न केवल शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि कर्मचारियों की संख्या बढ़ने से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों, जैसे चार साप्ताहिक अवकाश और छुट्टियों के सरलीकरण, पर गंभीरता से विचार करने का वादा किया। इसके साथ ही उन्होंने साफ किया कि नई व्यवस्था में सफाई नायकों और कार्यवाहक सफाई नायकों के दायित्वों में कोई बदलाव नहीं होगा, तथा आउटसोर्सिंग कर्मियों को मिलने वाला 422.85 प्रतिदिन का मानदेय, ईएसआई और ईपीएफ का लाभ हर महीने समय पर उनके बैंक खातों में भेजा जाता रहेगा। महापौर ने सफाई कार्य को एक संवैधानिक व आवश्यक सेवा बताते हुए कर्मचारियों से भावुक अपील की कि वे एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में नियमित रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और ऐसा कोई कदम न उठाएं जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़े। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान उपसभापति मयंक गर्ग और वरिष्ठ पार्षद मुकेश गक्खड़, दिग्विजय चौहान, नीरज शर्मा सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### गुप्ता स्वीट एवं जलपान, जालौर में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्यवाही

**चमकता राजस्थान/जालौर ब्यूरो चीफ कयूम खान।** गुप्ता स्वीट एवं जलपान, जालौर में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्यवाही, मिलावट की आशंका पर मीठा मावा, मोतीचूर के लड्डू एवं नमकीन के लिए सैंपल : शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर प्रदीप के. गावड़े एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वा-रा जालौर शहर में गुप्ता स्वीट एवं जलपान का निरीक्षण किया गया।



इसी क्रम में दूरभाष पर ग्राहक द्वारा मिली शिकायत अनुसार ग्राहक ने गुप्ता स्वीट एवं जलपान सिटी कोलपेक्स जालौर से मीठा मावा की खरीद की थी, मावा खाने के पश्चात तबियत खराब होने की शिकायत मिली थी। इस संदर्भ में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हनवन्त सिंह द्वारा गुप्ता स्वीट एवं जलपान, सिटी कॉम्प्लेक्स जालौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच की गई। मिलावट की आशंका होने पर प्रतिष्ठान से मीठा मावा, मोतीचूर के लड्डू एवं नमकीन के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए गए हैं।

### शनि अमावस्या पर एक शाम शनिदेव के नाम विशाल भक्ति-संध्या हुई आयोजित




**चमकता राजस्थान/नाडोल (पाली) मोहन भटनागर।** नाडोल कस्बे में बस स्टैंड स्थित शनिश्चर मंदिर में शनि अमावस्या के पावन अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा एक शाम शनिदेव के नाम विशाल भक्ति-संध्या का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सुबह भरतमहाराज सांवलता अरुण सेन एंड पार्टी ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी। शनिदेव के दर्शन करने को दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम को किशोर राव म्यूजिकल ग्रुप के निर्देशन मे विशाल भक्ति-संध्या कार्यक्रम में पूजा जोगसन, नारायणदास केसूली, लक्ष्मण तंवर, हजारीमल किरवा इत्यादि ख्यातिप्राप्त भजन गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं तो वहीं कोमल निखिल झांकी ग्रुप ने शानदार नृत्य प्रस्तुति दी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

### 35 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर का शुभारंभ, पहले दिन 70 बच्चों ने कराया पंजीयन



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गा-इड जिला मुख्यालय फलोदी के तत्वावधान में शनिवार से 35 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले ही दिन प्रशिक्षणार्थियों एवं आयोजकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

उद्घाटन अवसर पर जिला कलक्टर अंकित कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती अंजलि (आईएएस) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रशिक्षण विधाओं का अवलोकन किया और बच्चों के उत्साह व प्रतिभा की सराहना की। शिविर की व्यवस्थाओं से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों को भी इस शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगी। इससे पूर्व शिविर संचालिका ममता शर्मा ने स्काउट-गाइड परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के जिलाध्यक्ष एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी के प्रधानाचार्य मनमोहन पुरोहित ने शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए आगामी 35 दिनों की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला प्रभारी अभिषेक शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 17 विभिन्न विषयों एवं कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के प्रति अभिभावकों और बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पहले ही दिन 70 प्रशिक्षणार्थियों ने पंजीयन कराया और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने शिविर की सफल शुरुआत पर पूरे संगठन परिवार को शुभकामनाएं दीं।

# वैश्विक युद्ध संकट के बीच ईंधन बचत हेतु राष्टहित में बैंकों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की घोषणा करे सरकार : आमेरा

चमकता राजस्थान

जयपुर। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉईज एसोसिएशन के जनरल कौंसिल सदस्य ,ऑल इंडिया कोआपरेटिव बैंक एम्पलाईज फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलाईज यूनियन के प्रान्तीय उप महासचिव बैंक कर्मचारी नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने वैश्विक युद्ध संकट के बीच भारत देश में ईंधन बचत हेतु देश के बैंकों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह (Five Day Banking) लागू करने की घोषणा करने की माँग की है । वैश्विक युद्ध संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता ,आपूर्ति श्रृंखला और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ा है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचत और विदेशी मुद्रा संचय का आह्वान किया है।

संयोजक महेश मिश्रा ने कहा कि हम देश की 129500शहरी और ग्रामीण बैंक शाखाओ में काम करने वाले 1650,000 राष्टभक्त बैंक कर्मचारी और अधिकारी प्रधान मंत्री भारत सरकार के इस राष्ट्रहित के संदेश का पूर्ण समर्थन करते हैं और इसमे भागीदारी करना चाहते हैं । हम बैंक कर्मचारी अधिकारी वैश्विक कोविड महामारी और नोटबन्दी के राष्ट्रीय आह्वान पर भी सरकार के साथ फ्रंट लाइन



वॉरियर्स वर्क फोर्स बनकर राष्ट्र हित में कार्य किया है ।

आमेरा ने बताया प्रधान मंत्री नरेंद मोदी का ''ईंधन बचाओ '' संदेश केवल एक नारा ही नहीं राष्ट्र धर्म है , देश के बैंकों में पाँच दिन का कार्य सप्ताह इस दिशा में बहुत ही अहम प्रभावी और व्यावहारिक कदम होगा

ईंधन बचत की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए, देश का बैंक कर्मचारी और अधिकारी देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय से मांग करता है कि बैंकिंग क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू किया जाए।

आमेरा ने बताया कि वर्तमान ईंधन संकट में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह पूरी तरह से प्रासंगिक और आवश्यक है ।ईंधन की बचतः देशभर के लाखों बैंककर्मियों का प्रतिदिन आवागमन बंद होने से पेट्रोल-डीजल की भारी बचत होगी, जो राष्ट्रीय संकट के समय महत्वपूर्ण है।प्रदूषण में कमी आयेगी, साप्ताहिक एक अतिरिक्त अवकाश से वाहनों का उपयोग घटेगा और कार्बन उत्सर्जन कम होगा।

सहकार नेता आमेरा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानक में विश्व के अधिकांश देशों और भारत के फ्क्क, बीमा, नाबार्ड,सेबी,केंद्र राज्य सरकारी विभागों, सरकारी उपक्रमों में पहले से ही 5 दिन का सप्ताह लागू है। बैंकिंग क्षेत्र को भी इसके अनुरूप लाना समय की मांग है।कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बैंककर्मियों को पर्याप्त विश्राम मिलने से कार्य क्षमता बढ़ेगी और ग्राहक सेवा और बेहतर होगी। डिजिटल बैंकिंग ,नेट और मोबाइल बैंकिंग,एटीएम के युग में सप्ताह में 5 दिन शाखा खुलना ग्राहकों के लिए भी पर्याप्त है ।

यूएफबीयू के संयोजक महेश मिश्रा ने बताया कि पाँच दिन का बैंक सप्ताह की माँग को लेकर आज देश भर के सभी बैंक कर्मियों ने काली पट्टी,ब्लेक बेज धारण कर और काली ड्रेस पहनकर बैंक शाखाओ में विरोध व्यक्त किया है , पाँच दिन सप्ताह लागू करने की माँग की है ।

हम सरकार से राष्ट्र हित में अपील करते हैं कि युद्ध जैसे संकटकाल में ईंधन बचाने हेतु देशहित को सर्वोपरि रखते हुए इस मांग पर शीघ्र निर्णय लेकर बैंकों में पाँच दिन का कार्य सप्ताह लागू करने की घोषणा करें ।

संक्षिप्त समाचार

## मिशन शक्ति फेज 5.0: सहारनपुर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को किया सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' के द्वितीय चरण के तहत रविवार को जनपद सहारनपुर में एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में तैनात मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने अपने-अपने इलाकों में मुस्तैदी दिखाते हुए स्कूलों, कॉलेजों, व्यस्त बाजारों, सार्वजनिक स्थलों तथा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करते हुए संकट के समय तत्काल सहायता प्रदान करने वाले महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों—जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), और 181 (महिला हेल्पलाइन)—के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, बालिकाओं को 'गुड टच-बैड टच' के अंतर को समझाने, साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताने, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा आत्मरक्षा के गुर सिखाने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और स्टॉकिंग (पीछा करने) जैसे अपराधों के खिलाफ बिना किसी डर के निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि समाज में अपराधियों के हौसले पस्त किए जा सकें और महिलाओं के लिए एक सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण का निर्माण हो सके।

## मांडल में सेन विकास संस्थान द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सैकड़ों मरीजों ने लिया लाभ



**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला /मांडल भीलवाड़ा।** मांडल। सेन विकास संस्थान, मांडल जिला भीलवाड़ा द्वारा सेन वाटिका, ब्यावर रोड मांडल में आयोजित निःशुल्क परामर्श, जांच एवं चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में क्षेत्रभर से पहुंचे सैकड़ों मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में नेत्र रोग, हड्डी रोग, जनरल मेडिसिन, चर्म रोग, शिशु रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, दंत रोग तथा नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। मरीजों की निःशुल्क जांच एवं उपचार किया गया तथा आवश्यक दवाइयां रियायती दरों पर उपलब्ध करवाई गईं। शिविर के दौरान विभिन्न रोगों से संबंधित मरीजों की जांच कर ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। वहीं MRI एवं CT Scan जैसी सुविधाएं भी रियायती दरों पर उपलब्ध कराई गईं। आयोजन समिति द्वारा मरीजों के आने-जाने एवं आवश्यक सहायता की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक उदयलाल भड़ाना उपस्थित रहे। उन्होंने संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविर ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं। सेन विकास संस्थान के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन समिति ने सभी चिकित्सकों, सहयोगकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

## फिरोजपुर पुर झिरका गर्ल्स सीनियर सै . स्कूल मे मैरिट आने पर किया बच्चों को सम्मानित



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका में आज कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली तथा मेरिट में स्थान हासिल करने वाली होनहार छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की अध्यक्ष गोल्डी शर्मा , प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के अभिभावक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया तथा इस शानदार परीक्षा परिणाम की खुशी में सभी को मिठाइयाँ वितरित की गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजूदीन एवं समस्त अध्यापकों ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुनहरे भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बेटियाँ निरंतर मेहनत एवं लगन से शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण खुशी एवं उत्साह से सराबोर रहा तथा सभी ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

ग्राम विकास चौपाल में सुनी समस्याएं

# उप मुख्यमंत्री ने किया केसरपुरा ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण

## केसरपुरा पंचायत भवन बनेगा राजस्थान के लिए मॉडल-दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

**अजमेर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को केसरपुरा में नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण करने के साथ ही ग्राम विकास चौपाल में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को अजमेर पहुंची। वे अरावली एक्सप्रेस ट्रेन से जयपुर से अजमेर रेल मार्ग द्वारा आई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अपील का अनुसरण करते हुए उन्होंने पेट्रोलियम पदार्थों की बचत करने के लिए रेल मार्ग को चुना। अजमेर से वे केसरपुरा गई। यहां उनके द्वारा नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह तथा ग्राम विकास चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि केसरपुरा का ग्राम पंचायत भवन पूरे राजस्थान के लिए मॉडल है। इस प्रकार के भवन







सभी ग्राम पंचायतों को बनाने चाहिए। सुविधायुक्त भवन से ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। स्थानीय बैठकों के लिए उपयुक्त स्थान प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे है। इनका प्रभाव नजर आने लगा है। स्थानीय जन प्रतिनिधि भी क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहते है। प्रभारी मंत्री के रूप में कार्य करते हुए अजमेर के विकास में योगदान देना गर्व का विषय है। सरकार ने ग्राम विकास रथों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई है। साथ ही ग्राम विकास चौपाली से आमजन की समस्याओं के समाधान भी हुए है। सुझाव पेटिका में प्राप्त सुझावों पर भी अमल होगा। उन्होंने कहा कि सरकार गांव तक बार-बार आ रही है। जनता की सेवा करने के लिए सरकार चुनी गई है। आमजन के जीवन को सुखद बनाना जन कल्याणकारी सरकार का उत्तरदायित्व है। विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है।

उन्होंने कहा कि विश्व में ऊर्जा संकट से मिलकर निपटा जा सकता है। पैट्रोलियम पदार्थों का उपयोग कम करें। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें। पूरा विश्व भारत की ओर आशा से देख रहा है। भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गत 12 वर्षों में हुआ है। इसमें प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान है।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी जी, नसीराबाद विधायक श्री रामस्वरूप जी लाम्बा, अजमेर देहात जिला अध्यक्ष श्री जीतमल जी प्रजापत, अजमेर शहर जिला अध्यक्ष श्री रमेश जी सोनी, पीसांगन प्रधान श्री दिनेश जी नायक, केसरपुरा प्रशासक श्री शक्ति सिंह जी रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री पुखराज जी पहाड़िया व श्री शिवराज जी चौधरी, जिला महामंत्री श्री सुभाष जी व श्री अर्जुन जी, मंडल अध्यक्ष श्री हीरा सिंह जी रावत, श्री मुकेश जी चौधरी, श्री महेश जी मेहरा व श्री संजय जी सोनी, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डीएम ने चलाया "ऑपरेशन सफाई' 96 होमस्टे के पंजीकरण रद्द

चमकता राजस्थान

देहरादून (दीपक शर्मा बामनवास) । देवभूमि उत्तराखंड की शांति भंग करने वाले असामाजिकत्वों एवं अवैध गतिविधियों में लिप्तलोगों के खिलाफ जिलाधिकारी सविन बंसल द्वारा चलाए गए ' ऑपरेशन सफाई ' के तहत अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।जिलाधिकारी ने होमस्टे की आड़ में चल रहे अवैध , बार,होटलों और अनैतिक कार्यों के इन अड्डों पर जिला प्रशासन की



ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है। डीएम की मजिस्ट्रेट टीमों ने जब करीब 130 ठिकानों पर छापेमारी की, इन होटल रूपी होम स्टेके अंदर का नजारा देखकर टीम वाले भी दांतों तले उंगली चबाते रह गए। इसे देख कर नियमों को ताक में रखने वालों के इन करीब 90 से ज्यादा होमस्टे का लाइसेंस निरस्त करते हुए अतिशीघ्र सरकारी वेबसाइट से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।धज्जियां उड़ाने वाले 96 होमस्टे के लाइसेंस तुरंत निरस्त कर दिए गए हैं और उन्हें सरकारी वेबसाइट से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

सूत्रों के अनुसार जांच में शहर में नशे का बढ़ता व्यापार,आपराधिक घटनाएं,ओवरस्पीड ड्राइविंग और फायरिंग जैसी घटनाएंकी सुई इन्हीं इन्हीं होमस्टे के इर्द गिर्द घूमती नज़र आ रही थी।

छापे में सामने आया कि नियमों की अनदेखी कर बिना फूड लाइसेंस,अग्नि शमन यंत्रों के असामाजिक प्रवृत्ति के लोगों को बिना वेरिफिकेशन के इन होमस्टे रूपी होटलों में ठहराया जा रहा था। साथ ही रातभर अवैध बार और लाउड ऊख नियमों के विरुद्ध रात-रात भर बार चलाए जा रहे थे।

## सोजत न्यायालय के चारों न्यायिक अधिकारियों को दी भावभीनी विदाई



**चमकता राजस्थान/हितेष भाटी/सोजत।** सोजत न्यायालय परिसर में कार्यरत चारों न्यायिक अधिकारियों के एक साथ पहली बार अन्यत्र स्थानांतरण हो जाने पर बार एसोसिएशन सोजत द्वारा सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायपालिका एवं अधिवक्ताओं के बीच वर्षों से बने सौहार्दपूर्ण संबंधों की झलक देखने को मिली। बार एसोसिएशन सोजत अध्यक्ष देवेंद्र व्यास के नेतृत्व में बार एसोशिएशन की कार्यकारिणी ने आज के आयोजन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश कुमार गढ़वाल, एसीजेएम साधना सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवदान चौधरी एवं अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुराधा दाधीच का साफा, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह ,दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया गया। वकीलों की अधिक संख्या में अपने संबोधन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश कुमार गढ़वाल ने कहा कि ''न्यायालय केवल कानून की प्रक्रिया का स्थान नहीं, बल्कि आमजन के विश्वास का केंद्र होता है। सोजत में बार एवं बैंच के बीच सदैव सकारात्मक समन्वय रहा, जिसने न्यायिक कार्यों को सुगम बनाया।'' एसीजेएम साधना सिंह ने कहा कि सोजत में मिला सहयोग एवं आत्मीयता सदैव स्मरणीय रहेगा। न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवदान चौधरी ने अधिवक्ताओं के सहयोग को न्यायिक कार्यप्रणाली की शक्ति बताया।

## गोअन भोजन केवल स्वाद नहीं बल्कि परिवार परंपरा और भावना से जुड़ा होता है सेफ डीसूजा



चमकता राजस्थान

**अविनाश शर्मा/जयपुर।** दा ललित जयपुर में गोअन फूड फेस्टिवल की शानदार शुरुआत मीडिया टेबल ब्रंच के साथ की गई। इस खास आयोजन में शहर के मीडिया प्रतिनिधियों, इन्फ्लुएंसर्स और अतिथियों ने गोवा के पारंपरिक स्वाद, संगीत और संस्कृति का अनुभव किया। फूड फेस्टिवल को प्रसिद्ध गोअन पाक विशेषज्ञ शेफ विक्टोरियन डिसूजा ने तैयार किया है। यह फेस्टिवल गोवा की समृद्ध पाक परंपरा को दर्शाता है जहां पुर्तगाली प्रभाव और पारंपरिक कोंकणी स्वादों का अनोखा मेल देखने को मिलता है। फेस्टिवल में मेहमानों के लिए सीफूड करी, कैफ्रियल, जाकुती, बेबिंका, सन्नास और ताजा बेक्ड पोई जैसे प्रामाणिक गोअन व्यंजन परोसे जा रहे हैं। इसके साथ लाइव कुकिंग स्टेशन, मधुर संगीत और गोवा की संस्कृति से प्रेरित सजावट मेहमानों को खास अनुभव दे रही है। 23 वर्षों से अधिक अनुभव रखने वाले शेफ विक्टोरियन डिसूजा ओल्ड गोवा के मार्सेल क्षेत्र से आते हैं। वे अपने साथ पारंपरिक घरेलू गोअन व्यंजनों की पुरानी विरासत और असली स्वाद लेकर आए हैं।

द ललित जयपुर के होटल मैनेजर सौम्यजीत घोष ने कहा कि होटल का उद्देश्य केवल भोजन परोसना नहीं, बल्कि मेहमानों को अलग-अलग संस्कृतियों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि गोअन फूड फेस्टिवल के जरिए मेहमान गोवा की संस्कृति, संगीत और पारंपरिक स्वादों को करीब से महसूस कर सकेंगे। शेफ विक्टोरियन डिसूजा ने कहा कि गोअन भोजन केवल स्वाद नहीं बल्कि परिवार परंपरा और भावनाओं से जुड़ा होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मेहमान इस फेस्टिवल के जरिए गोवा की असली गर्मजोशी और स्वाद का अनुभव करेंगे। गोअन फूड फेस्टिवल 16 मई से 31 मई 2026 तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। मेहमान यहां विशेष गोअन मेन्यू और गोवा की जीवंत थीम का आनंद ले सकेंगे। द ललित जयपुर अपनी शानदार आतिथ्य सेवाओं, सांस्कृतिक आयोजनों और विशिष्ट डिजाइन के कारण शहर के प्रमुख लग्जरी होटलों में शामिल है।

## ग्राम रथ अभियान का भव्य समापन: योजनाओं की जानकारी लेकर गांव-गांव पहुँचा विकास का संदेश



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ''ग्राम रथ अभियान'' का शनिवार को जवाजा पंचायत समिति मुख्यालय पर भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विधायक रावत ने कहा कि ग्राम रथ अभियान सरकार की योजनाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आ''ान किया कि वे योजनाओं का अधिकतम लाभ लें तथा अपनी समस्याएं और सुझाव प्रशासन के समक्ष रखें। अभियान के दौरान गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया । विधायक रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में गरीब, किसान एवं आमजन के कल्याण हेतु ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों को पक्के मकान, शौचालय एवं किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वक्ताओं ने जल जीवन मिशन, ग्रामीण विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताया।

ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत विगत 20 दिनों तक जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में रथों ने भ्रमण कर आमजन को 13 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के साथ कला जत्थों के कलाकारों ने लोक संस्कृति के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर जागरूकता को रोचक बनाया। एलईडी वैन के जरिए योजनाओं का प्रदर्शन किया गया तथा सुझाव पेटियां भी रखी गईं, जिनमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव दर्ज कराए।अभियान 28 अप्रैल से 17 मई तक संचालित किया गया।

## जीवन रक्षा सड़क सुरक्षा अभियान में बाड़ी पुलिस ने 44 हेलमेट वितरित कर युवाओं को जोड़ा



**चमकता राजस्थान/ धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी उपखंड की खबर, महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर एवं जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर विकास सागवान के निर्देशानुसार 04 मई 2026 से 31 मई 2026 तक संचालित ''जीवन रक्षा सड़क सुरक्षा अभियान'' के तहत बाड़ी पुलिस द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि एवं मृत्यु दर को कम करना है। इसी क्रम में थाना बाड़ी द्वारा गोद लिए गए तुलसीवन रोड बीट क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी, वृत्ताधिकारी बाड़ी एवं थानाधिकारी बाड़ी की अध्यक्षता में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र एवं यूथ सीएलजी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के प्रति प्रेरित किया गया तथा कम्युनिटी पुलिसिंग एवं समाजसेवियों के सहयोग से पुलिस द्वारा 44 हेलमेट वितरित किए गए। सभी वाहन चालकों को यह संकल्प भी दिलाया गया कि वे भविष्य में दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनेंगे और यातायात नियमों का पालन करेंगे। यातायात शाखा बाड़ी एवं थाना बाड़ी पुलिस द्वारा तुलसीवन रोड क्षेत्र में लगातार नाकाबंदी एवं प्रवर्तन कार्रवाई कर नियमों की पालना सुनिश्चित कराई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान होर्डिंग्स, पोस्टर, पंपलेट एवं स्टिकर्स के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस की अभिनव पहल ''यूथ सीएलजी'' के सदस्यों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाड़ी द्वारा प्रिंटेड टी-शर्ट एवं कैप वितरित कर जनसेवा एवं पुलिस सहयोग के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

# निशुल्क मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन खानपुर तहसील अध्यक्ष बलराम मीणा जी के नेतृत्व में

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** झालावाड़ रोड खानपुर में मिनी सचिवालय के पास मै प्रथम तहसील स्तरीय निःशुल्क श्री मीना समाज सामूहिक विवाह सम्मैलन सभी समाज बंधुओ एवं के अथक प्रयासों एवं सहयोग से शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमे पूरे कोटा संभाग से वर -वधु आये सम्मैलन मे 30 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ सम्मैलन मे विशेष आकर्षण का केंद्र सम्मलेन की सजावट एवं प्रसिद्ध पूर्वी राजस्थान के सवाईमाधोपुर के मीनावाटी गायक कलाकार के आर मीना देवता एवं उनकी टीम रही हैं जिसने सम्मैलन मे सांस्कृतिक एवं मीना संस्कृति की झलक को प्रस्तुत किया सम्मैलन मे भोजन व्यवस्था बहुत ही शानदार रही जिसकी तारीफ आने वाले सभी लोगो की की जिसमे विशेष बूँदी के रायते की विशेष तारीफ की गयी जो दही का बनाया गया था सम्मैलन मे मुख्य अतिथियों मे बारां- झालावाड़ के सांसद श्री दुष्यंत सिंह जी, पूर्व विधायक नरेंद्र नागर जी, खानपुर बकानी विधायक श्री सुरेश जी गुजर, पूर्व विधायक मीनाक्षी जी चंद्रावत डॉ गिरिराज जी मीना युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष झालवाड डॉ दीपक मीना जी आये सांसद महोदय श्री दुष्यंत सिंह जी ने मीना समाज के विकास एवं मीनमहल निर्माण के लिए 11 लाख रुपए एवं सुरेश जी गुर्जर विधायक खानपुर ने 21 लाख रुपए की घोषणा की जिसके लिए समाज ने उनका आभार व्यक्त किया मीना समाज तहसील अध्यक्ष बलराम जी मीना रिटायर्ड तहसीलदार साहब ने बताया की खानपुर की धरा पर ऐसा सम्मैलन पहली बार हुआ है जिसमे बिल्कुल घर जेसी व्यवस्थाएं थी।



## उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या चार और बढ़ाने के लिए अध्यादेश जारी

**नयी दिल्ली:** सरकार ने उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या को वर्तमान 34 से बढ़ाकर 38 करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया है। शीर्ष अदालत के मौजूदा न्यायाधीशों की संख्या में प्रधान न्यायाधीश भी शामिल हैं। विधि मंत्रालय ने शनिवार को अध्यादेश अधिसूचित किया, जिसमें उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन कर शीर्ष अदालत की स्वीकृत संख्या में वृद्धि की गई है। अब तक, प्रधान न्यायाधीश सहित उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 थी। अब न्यायाधीशों की संख्या में चार की वृद्धि की गई है, जिससे स्वीकृत संख्या 38 हो गई है। फिलहाल, शीर्ष अदालत में दो पद रिक्त हैं और अध्यादेश के तत्काल प्रभाव से लागू होने के बाद, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम को अब शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए छह नामों की सिफारिश करनी होगी।

## दिल्ली पुलिस ने अपने कर्मियों से सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने को कहा

**नयी दिल्ली:** ईंधन की खपत और अनावश्यक खर्चों में कटौती की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद दिल्ली पुलिस ने अपने कर्मियों, खास तौर पर पुलिस मुख्यालय और उन कार्यालयों में तैनात कर्मियों को, नियमित आवागमन के लिए सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है, जहां मेट्रो या बस से पहुंचने की सुविधा उपलब्ध है। एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस मुख्यालय की सामान्य प्रशासन शाखा (जीएबी) ने वरिष्ठ अधिकारियों की मंजूरी से कई निर्देश जारी किए हैं, जिनमें वाहनों का इस्तेमाल कम करने, बिजली की खपत घटाने और बल के सभी जिलों एवं विशेष इकाइयों में सरकारी संसाधनों का किफायती इस्तेमाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 13 उपाय शामिल हैं।

## जम्मू कश्मीर: राजौरी के सीमावर्ती गांव में तोप का गोला पाया गया, सुरक्षा बलों ने नष्ट किया

**राजौरी/जम्मू:** जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के एक सीमावर्ती गांव में एक उच्च विस्फोटक क्षमता वाला तोप का गोला पाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौशेरा उपमंडल के धनाका गांव के स्थानीय लोगों ने रविवार को गोले को देखा और सुरक्षा बलों को सूचना दी। इसके बाद, पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर विशेषज्ञों द्वारा गोले की तकनीकी जांच की गई। बाद में सेना की बम निरोधक इकाई ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से गोले को नष्ट कर दिया।

## केरल: नामित मुख्यमंत्री सतीशन ने सोमवार को साथ शपथ लेने वाले मंत्रियों के नामों की घोषणा की

**तिरुवनंतपुरम:** केरल के नामित मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने उनके मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सदस्यों के नामों की घोषणा रविवार को की। सतीशन और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य सोमवार को शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन के नेताओं के साथ चर्चा के बाद मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप दिया गया है और इस दौरान गठबंधन के भीतर सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखा गया है। सतीशन ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं रमेश चेन्निथला, के मुरलीधरन और सनी जोसेफ को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। केरल की सत्ता पर 10 साल बाद काबिज होने जा रहे कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने वरिष्ठ विधायक थिरुवनचूर राधाकृष्णन को विधानसभा अध्यक्ष नामित करने का फैसला किया गया, जबकि शनिमोल उस्मान उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। सतीशन ने कहा कि कांग्रेस को 63 सीटें मिलने के बावजूद कई योग्य नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी। उन्होंने इसे राज्य में पार्टी की सबसे बड़ी जीत में से एक बताया। नामित मुख्यमंत्री ने कहा, 'सूची में शामिल और सूची से बाहर भी कई योग्य नेता हैं। लेकिन कांग्रेस जैसी पार्टी को ऐसे निर्णय लेते समय सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और कई अन्य कारकों पर विचार करना होता है।'

# 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' प्रणाली त्रुटिरहित और अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप : शिक्षा मंत्रालय

**नयी दिल्ली:** शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली से अंकों पर असर पड़ने की चिंताओं को रविवार को खारिज किया और पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क घटाकर 100-100 रुपये करने की घोषणा की। अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला विद्यार्थियों की चिंता कम करने के लिए लिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ओएसएम पूरी तरह त्रुटिरहित है और पारदर्शी मूल्यांकन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली पद्धति है। स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''कक्षा 12वीं की 98 लाख उत्तर पुस्तिकाएं स्कैन की गईं और इस प्रक्रिया में सुरक्षा के तीन स्तर अपनाए गए। हालांकि, बार-बार स्कैन के बावजूद कुछ उत्तरपुस्तिकाओं में लिखावट स्पष्ट नहीं हो पा रही थी, क्योंकि उनमें इस्तेमाल की गई स्याही का रंग बहुत हल्का था। स्कैन के बाद भी उन उत्तरपुस्तिकाओं को पूरी तरह पढ़ने योग्य नहीं बनाया जा सका। उन्होंने कहा, 'ऐसे मामलों में परीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाएं हाथ से जांचने और उसी के अनुसार अंक देने के निर्देश दिए गए। 13,000 से अधिक ऐसी उत्तर पुस्तिकाएं अलग से चिह्नित कर हाथ से जांची गईं और अंक प्रणाली में दर्ज किए गए।' उन्होंने ने कहा, ''सुरक्षा स्तर और संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' के माध्यम से की गई जांच सटीक, पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे।' कुमार की ये टिप्पणियां छात्रों और अभिभावकों द्वारा जताई जा रही इन चिंताओं के बीच आई हैं कि कक्षा 12 में उत्तीर्ण प्रतिशत और अंकों में गिरावट का कारण ओएसएम है जिसे सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में पहली बार लागू किया गया है।

## सीबीएसई की त्रि-भाषा नीति के कार्यान्वयन के समय, तैयारियों को लेकर सवाल उठे

**नयी दिल्ली:** शिक्षाविदों और अभिभावकों के एक वर्ग ने कक्षा नौ के छात्रों के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की त्रि-भाषा नीति के कार्यान्वयन के समय पर चिंता जताते हुए स्कूलों की तैयारियों को लेकर सवाल उठाए हैं। सीबीएसई ने शुक्रवार को नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए इस साल एक जुलाई से कम से कम दो भारतीय भाषाओं सहित तीन भाषाओं को अनिवार्य कर दिया है, जबकि स्कूलों में नये शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षाएं और यूनिट टेस्ट पहले ही शुरू हो चुके हैं। माउंट आबू स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योति अरोड़ा ने कहा कि यह नीति अचानक से लागू कर दी गई। उन्होंने कहा कि सुचारु कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत ढांचे के भीतर अंग्रेजी की स्थिति पर अधिक स्पष्टता की जरूरत है। अरोड़ा ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा कि सीबीएसई का त्रि-भाषा फॉर्मूला बेशक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है, जो एक बहुत ही प्रगतिशील दस्तावेज है, लेकिन शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद इसके कार्यान्वयन ने हितधारकों के बीच बेचैनी पैदा कर दी है।

# केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बेंगलुरु-मुंबई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**बेंगलुरु:** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु और मुंबई के बीच एक ट्रेन सेवा को डिजिटल रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने कहा कि यह नयी सेवा कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक बयान के अनुसार, रेल मंत्री ने कहा कि दक्षिण और उत्तर कर्नाटक के लोगों की लंबित मांगें अब पूरी की जा रही हैं। वैष्णव ने कहा कि बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। बुनियादी ढांचे के विकास का उल्लेख करते हुए, वैष्णव ने कहा कि हाल के वर्षों में रेलवे के लिए धन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जिससे कर्नाटक भर में परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 2,160 करोड़ रुपये की लागत से 61 स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है जिनमें से नौ स्टेशन पहले ही पूरे हो चुके हैं। रेल मंत्री ने कहा कि बेंगलुरु छावनी स्टेशन का 485 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है जबकि यशवंतपुर स्टेशन का 367 करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन किया जा रहा है। 2014 से कर्नाटक में लगभग 1,750 किलोमीटर नयी रेलवे लाइन बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि हासन-मंगलुरु खंड पर विद्युतीकरण कार्य पूरा हो चुका है और परीक्षण कार्य जारी है। बेंगलुरु उपनगरीय रेलवे परियोजना के संबंध में उन्होंने कहा कि चारों कॉरिडोर पर कार्य प्रगति पर है। बैयप्पनहल्ली-चिक्कबनवारा और हीलालिगे-राजानुकुंटे कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है और स्टेशन का निर्माण कार्य जारी है। मंत्री ने कहा कि उपनगरीय रेल नेटवर्क हवाई अड्डे, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, मराठाहल्ली और हेब्बल सहित प्रमुख केंद्रों को एकीकृत करेगा। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में वर्तमान में वंदे भारत ट्रेन की 12 जोड़ियां संचालित हो रही हैं। बेंगलुरु-मंगलुरु मार्ग पर परीक्षण जारी है, जिससे मडगांव तक तटीय संपर्क बेहतर होने की उम्मीद है। वैष्णव ने यह भी बताया कि बेंगलुरु को हैदराबाद और चेन्नई से जोड़ने वाले बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मुंबई, बेंगलुरु और अन्य प्रमुख शहरों को जोड़ने की दीर्घकालिक योजना के तहत, हाई-स्पीड रेल नेटवर्क का विस्तार 7,000 किलोमीटर तक होने की संभावना है।

# गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस का सफाया हो गया : अमित शाह




**गांधीनगर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल चुनावों में भाजपा की हालिया जीत की सराहना की तथा कहा कि पार्टी और उसके राजग सहयोगी अब देश के 80 प्रतिशत भूभाग पर शासन कर रहे हैं। गांधीनगर नगर निगम के लिए 620 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल पाई। शाह ने कहा कि गुजरात में भाजपा की 'विकास की अजेय यात्रा' नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई और बाद में इसे पूर्व मुख्यमंत्रियों आनंदीबेन पटेल और विजय रूपाणी तथा वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा आगे बढ़ाया गया। शाह ने कहा, ''भाजपा के इस विकास-समर्थक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप, हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस का पूर्णतः सफाया हो गया। चाहे हम दूरबीन से दूर-दूर तक ही क्यों न देखें, कांग्रेस कहीं नजर नहीं आती।' उन्होंने कहा, 'आम आदमी पार्टी के लोग, जो 'हम यह जीतेंगे, हम वह जीतेंगे' का दावा कर रहे थे, दिल्ली में बुरी तरह हार गए, और यहां तो वे खाता भी नहीं खोल पाए।' शाह ने लोगों से घनिष्ठ संपर्क बनाए रखने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे पार्टी में जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। कोविड-19 महामारी के दौर को याद करते हुए शाह ने कहा कि गुजरात भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की। उन्होंने कहा, ''जिन नगर निगमों में चुनाव हुए, उन सभी में हमने जीत हासिल की। 84 नगरपालिकाओं में से भाजपा ने 77 में जीत दर्ज की। 34 जिलों में चुनाव हुए, जिनमें से भाजपा ने 33 जिलों में जीत हासिल की और 260 तालुका पंचायतों में से भाजपा ने 253 में जीत दर्ज की।'' कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जिक्र करते हुए शाह ने गुजरात में कांग्रेस की संभावनाओं पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी यहां कार्यकर्ताओं का सम्मेलन कर रहे थे और कह रहे थे 'अगली बारी कांग्रेस की'। उन्हें समझ लेना चाहिए कि अगले सात जन्मों तक भी कोई मौका नहीं है।'

## ओडिशा के सोरो रेलवे स्टेशन पर 19 बच्चों को बचाया गया

**बालासोर (ओडिशा):** ओडिशा के बालासोर जिले के सोरो रेलवे स्टेशन से रेलवे पुलिस ने 19 नाबालिगों सहित 27 लोगों को बचाया है। पुलिस को संदेह था कि इन्हें तस्करी कर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार शाम को घटी जब एक समूह मयूरभंज जिले के कपतीपाड़ा और आसपास के इलाकों से बस से सोरो स्टेशन पहुंचा ताकि अंगुल जाने वाली ट्रेन पकड़ सके। उनकी गतिविधि पर संदेह होने पर रेलवे पुलिस ने उन्हें रोका और समूह के दो लोगों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, उन्होंने बताया कि समूह रविवार से अंगुल में शुरू होने वाले तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिक्षा शिविर में भाग लेने जा रहा था। हालांकि, पुलिस को यह स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं लगा और उन सभी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि समूह के साथ आए दो वयस्कों से पूछताछ की जा रही है, जबकि बच्चों को बालासोर के एक बाल देखभाल केंद्र में भेज दिया गया है।

# कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में हथिनी ने दिया जुड़वां शावकों को जन्म



**नैनीताल:** उत्तराखंड के कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में एक हथिनी ने स्वस्थ जुड़वां शावकों को जन्म दिया है। वन्यजीव विशेषज्ञ इसे बेहद दुर्लभ घटना मान रहे हैं, जबकि इस खबर से पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान के गर्जिया पर्यटन क्षेत्र में जुड़वां शावकों के जन्म के बाद वन विभाग ने निगरानी तेज कर दी है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि हथिनी और उसके नवजात शावकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसकी जानकारी तब मिली जब वन्यजीव प्रेमी संजय छिमवाल ने जंगल सफारी के दौरान कैमरे से हथिनी के परिवार की तस्वीरें लीं। छिमवाल ने मंगलवार को पहली बार दोनों शावकों को देखा। उन्होंने कहा, 'दोनों शावक अपनी मां के साथ सुरक्षित थे और दूध पीते नजर आए। यह नजारा बेहद अनोखा और रोमांचक था।' अधिकारियों के मुताबिक, उत्तराखंड में सबसे ज्यादा हाथी कॉर्बेट क्षेत्र में हैं और यहां हाथियों की आबादी 1,200 से अधिक दर्ज है। राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक साकेत बडोला ने कहा कि कॉर्बेट बाघ अभयारण्य और शिवालिक हाथी अभयारण्य हाथी संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि जुड़वां शावकों का जन्म इस क्षेत्र में सकारात्मक, सुरक्षित और स्वस्थ वन्यजीव पर्यावरण का संकेत है। बडोला ने कहा कि हथिनी का गर्भकाल 22 से 24 महीने का होता है। उन्होंने कहा कि इतने लंबे गर्भकाल के बाद जुड़वां शावकों का जन्म असाधारण घटना है, क्योंकि हाथी आमतौर पर एक ही शावक को जन्म देते हैं।

## राजकोट हवाई अड्डे पर एटीएस ने पांच करोड़ रुपये मूल्य की 180 किलोग्राम चांदी जब्त की

**राजकोट:** गुजरात के राजकोट स्थित हीरासर हवाई अड्डे पर राज्य के आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने पांच करोड़ रुपये मूल्य की 180 किलोग्राम चांदी की खेप जब्त की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एटीएस को राजकोट हवाई अड्डे पर हवाई कार्गो के माध्यम से बड़ी मात्रा में चांदी लाए जाने के संबंध में सूचना मिली थी, जिसके बाद स्थानीय अपराध शाखा को सतर्क किया गया था। गुजरात एटीएस के उपाधीक्षक वीरजीत परमार ने बताया, 'स्थानीय अपराध शाखा के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान चलाया गया। लगभग 180 किलोग्राम चांदी, जिसकी कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये है, को जब्त किया गया और इच्छित प्राप्तकर्ता की उपस्थिति में खेप की जांच की गई।' परमार ने बताया कि यह खेप वाराणसी स्थित 'सनराइज' नामक फर्म से भेजी गई थी, और प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इससे संबंधित दस्तावेज अधूरे थे, जिससे संभावित कर चोरी का संदेह पैदा होता है।

## बुलेट ट्रेन परियोजना : मुंबई के विक्रोली में पहली 'टनल बोरिंग मशीन' का 'कटरहेड' नीचे उतारा गया



**मुंबई:** मुंबई के पूर्वी उपनगर विक्रोली में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत सुरंग निर्माण के लिए पहली 'टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम)' का 'कटरहेड' (खुदाई करने वाला उपकरण) नीचे उतारा गया है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने रविवार को यह जानकारी दी। एनएचएसआरसीएल के बयान के अनुसार, 13.6 मीटर व्यास और 350 टन वजन वाले 'कटरहेड' को नीचे उतारा गया, जो हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना के लिए टीबीएम के मुख्य शील्ड की प्राथमिक असेंबली का अंतिम चरण है। बयान में कहा गया है कि 21 किलोमीटर लंबी सुरंग के 16 किलोमीटर खंड के निर्माण के लिए दो टीबीएम मशीन को जोड़ा जा रहा है, जिनमें से प्रत्येक का वजन 3,000 टन से अधिक है। इस खंड में ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर लंबी समुद्री सुरंग भी शामिल है, जो भारत की पहली समुद्री रेल सुरंग होगी। बयान में कहा गया है, ''टीबीएम देश में रेल सुरंग निर्माण के लिए अब तक तैनात की गई सबसे बड़ी मशीन है। इसके 'कटरहेड' को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की 'अप' और 'डाउन' दोनों लाइन को समाहित करने के लिए पर्याप्त बड़ी सुरंग की खुदाई कर सके।'

## ओडिशा पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान 1,771 लोगों को गिरफ्तार किया; गांजा, 20 हथियार जब्त



**भुवनेश्वर:** ओडिशा पुलिस ने एक विशेष अभियान के दौरान 3,000 किलोग्राम से अधिक गांजा, 20 बिना लाइसेंस वाली बंदूकें और अन्य अवैध वस्तुएं जब्त कीं तथा 1,771 लोगों को गिरफ्तार किया। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। पुलिस महानिदेश (डीजीपी) योगेश बहादुर खुराना के निर्देश पर ओडिशाभर में पुलिस अधीक्षक (एसपी) और पुलिस आयुक्तों के नेतृत्व में 12 से 16 मई तक पांच दिवसीय अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) संजय कुमार ने अभियान की निगरानी की। बयान में कहा गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) को लागू करना, लंबित मामलों में वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करना, मादक पदार्थों (गांजा और ब्राउन शुगर) की तस्करी को रोकना, अवैध हथियारों और खनिजों के परिवहन में शामिल वाहनों को जब्त करना और नशे में वाहन चलाने वालों पर नकेल कसना था। खुराना ने यहां पत्रकारों से कहा, 'ओडिशा पुलिस का विशेष अभियान सफल रहा। हमने पांच दिन के दौरान 1,700 से अधिक गैर-जमानती वारंट जारी किए हैं, छह लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत मामला दर्ज किया गया है और 50 फरार आरोपियों को पकड़ा।'

# राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक, सीबीएसई मूल्यांकन विवाद को लेकर धर्मेंद्र प्रधान पर साधा निशाना




**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट-यूजी पेपर लीक विवाद और सीबीएसई मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के बीच रविवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लाखों बच्चों के भविष्य को बर्बाद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के स्कूलों में लागू की जा रही तीन-भाषा नीति के क्रियान्वयन को लेकर भी धर्मेंद्र प्रधान पर हमला बोला। गांधी ने इन मुद्दों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए मोदी से पूछा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में बार-बार पेपर लीक होने के बावजूद वह उन्हें (प्रधान को) बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पहले नीट पेपर लीक हुआ, जिससे 22 लाख छात्र प्रभावित हुए। फिर सीबीएसई की कक्षा 12वीं के छात्रों को खराब ओएसम व्यवस्था के कारण अप्रत्याशित रूप से कम अंक मिले- जिनमें से कई ने कॉलेज में दाखिला लेने की पात्रता खो दी।' उन्होंने पोस्ट में कहा,'अब सीबीएसई की कक्षा 9वीं के लाखों छात्रों को अचानक एक जुलाई से एक नयी भाषा सीखने के लिए कहा गया है, जबकि इसके लिए न तो शिक्षक उपलब्ध हैं और न ही पाठ्यपुस्तकें। 14 साल के छात्रों को अस्थायी व्यवस्था के तहत कक्षा छठी की किताबें दी जा रही हैं।'' गांधी ने आरोप लगाया कि धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों के हर आयु वर्ग को निराश किया है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''तीन परीक्षाएं। तीन आयु वर्ग। एक मंत्री। धर्मेंद्र प्रधान जी ने एक बार नहीं, बल्कि एक साथ भारत के हर आयु वर्ग के छात्रों को पूरी तरह निराश किया है।'' गांधी ने कहा, 'हर घोषणा बच्चों को अनिश्चितता के गहरे सागर में धकेल रही है। हर विफलता पर कोई दंड नहीं दिया जाता। शिक्षा मंत्रालय आपदाओं का विभाग बन गया है।' 'प्रधान को बर्खास्त करो' हैशटैग के साथ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी-क्या आप कम से कम उन लाखों बच्चों से माफी मांग सकते हैं, जिनका भविष्य आपने और आपके मंत्री ने बर्बाद कर दिया है? गांधी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'नीट 2024: पेपर लीक हुआ। परीक्षा रद्द नहीं हुई। मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया।

# असम: सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई में म्यामां का एक कुख्यात तस्कर गिरफ्तार



**गुवाहाटी:** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने सीमा पार से 'मेथामफेटामीन' और 'हेरोइन' की तस्करी में शामिल म्यामां के एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार किया है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में बताया गया कि यह गिरफ्तारी शनिवार को ब्यूरो द्वारा भारत-म्यामां सीमा पर सक्रिय अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क पर की जा रही निरंतर कार्रवाई के तहत व्यापक निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने, अंतरराज्यीय समन्वय के बाद की गई। बयान के मुताबिक, आरोपी की पहचान थानसिंटुआंग उर्फ चिंटुआंग उर्फ तलुआंगा के रूप में हुई है और वह 2026 में एनसीबी द्वारा पकड़ा गया म्यामां का दूसरा कुख्यात तस्कर है। बयान में बताया गया कि चिनतुआंग म्यामां-मिजोरम-मणिपुर-असम-त्रिपुरा गलियारे पर सक्रिय कुख्यात तस्करों में से एक के रूप में उभरा था और पड़ोसी देश से 'मेथामफेटामीन' और 'हेरोइन' के एक कुख्यात अंतरराष्ट्रीय तस्कर के रूप में उसकी पहचान की गई है।

# रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को खुलेंगे



**चमोली (उत्तराखंड):** पंच केदार तीर्थयात्रा सर्किट का हिस्सा श्री रुद्रनाथ मंदिर के कपाट सोमवार को ग्रीष्म काल के लिए खुल जाएंगे। परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करते हुए, रविवार को देवता की डोली गोपीनाथ मंदिर से रवाना हुई। सैकड़ों श्रद्धालु देवता के दर्शन करने और देव डोली को विदाई देने के लिए एकत्रित हुए। उत्तराखंड के चमोली जिले के प्रभारी मंत्री भरत सिंह चौधरी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी समारोह में उपस्थित थे। यह यात्रा रविवार रात ल्वीती खारक में रुकेगी और सोमवार को रुद्रनाथ मंदिर पहुंचेगी। रुद्रनाथ मंदिर समुद्र तल से लगभग 3,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह गोपेश्वर में गोपीनाथ मंदिर से लगभग 25 किलोमीटर दूर है। श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने के लिए 18 किलोमीटर की कठिन और खड़ी चढ़ाई करनी पड़ती है।


# झारखंड, पश्चिम बंगाल और केरल के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक बारिश का अनुमान



**रांची/कोलकाता/तिरुवनंतपुरम:** भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने झारखंड, पश्चिम बंगाल और केरल के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक बारिश, आंधी, वज्रपात और तेज हवाओं का पूर्वानुमान जताया है। आईएमडी के अनुसार, झारखंड में 18 से 23 मई तक हल्की से मध्यम बारिश, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, 18 से 20 मई तक गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। इसके बाद, 21 मई को राज्य भर में हल्की से मध्यम बारिश, गरज, बिजली कड़कने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है, जबकि 21 से 23 मई तक गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार को छोड़कर राज्य के कई हिस्सों में बारिश होगी। रांची स्थित आईएमडी के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। पिछले 24 घंटों में, पश्चिम सिंहभूम जिले के मंजारी में अधिकतम 18 मिमी वर्षा दर्ज की गई और धनबाद के मैथन, डीवीसी में 7.4 मिमी वर्षा हुई। पिछले 24 घंटों में दर्ज किया गया अधिकतम तापमान पलामू जिले के डाल्टनगंज में 41.5 डिग्री सेल्सियस रहा, इसके बाद सरायकेला में 40.4 डिग्री सेल्सियस और जमशेदपुर में 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम बंगाल के दक्षिणी इलाकों में रविवार शाम कई जिलों में गरज के साथ बारिश होने का अनुमान है, वहीं कोलकाता में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोलकाता का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस अर्थात सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक था। स्थानीय मौसम कार्यालय ने कहा है कि कोलकाता में हल्की बारिश और गरज के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। हावड़ा, हुगली, दक्षिण 24 परगना, पूर्वी और पश्चिमी मेदिनीपुर, बांकुड़ा और पूर्वी बर्धमान में भी इसी तरह के मौसम का पूर्वानुमान है। विभाग के अनुसार, नदिया, मुर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना, बीरभूम, पुरुलिया और झाड़ग्राम जैसे जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी बंगाल में अगले कुछ दिनों में भारी बारिश होने की आशंका है। केरल में भी कई हिस्सों में भारी बारिश के बीच आईएमडी ने पथनमथिट्टा और अलप्पुझा जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, कोट्टायम, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड समेत कई जिलों में 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भूस्खलन और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। लोगों को नदियों, जलाशयों और पहाड़ी इलाकों से दूर रहने तथा अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह भी दी गई है।

# मैनचेस्टर सिटी ने जीता एफए कप फुटबॉल

## फाइनल में चेल्सी को 1-0 से हराया, एंटोनी सेमेन्यो का बैक-हील गोल



**लंदन (एजेंसी)।** 72वां मिनट...एर्लिंग हालांड का सटीक क्रॉस...एंटोनी सेमेन्यो ने तेजी से दौड़ते हुए गेंद को एड़ी से फ्लिक कर दिया। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज ने चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए हवा में छलांग लगाई, लेकिन गोल नहीं रोक सके। सेमेन्यो के इस हैरतअंगेज गोल ने मैनचेस्टर सिटी को एफए कप का नया चैंपियन बना दिया। 155 साल पुराने इस टूर्नामेंट में शायद ही कोई फाइनल इतने शानदार गोल से जीता गया हो। वेम्बली स्टेडियम में सिटी ने चेल्सी को 1-0 से हराया। टीम के पास इस सीजन में डोमेस्टिक ट्रेबल का मौका है।

- **72वें मिनट में आया मैजिक मोमेंट** – पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद दोनों टीमें लगातार गोल की कोशिश कर रही थीं, लेकिन, गोल के मौके नहीं बन रहे थे। तभी 72वें मिनट में घाना के फॉरवर्ड सेमेन्यो की बूट से गोल आया। यह उनका 10वां गोल है। वे टीम को दो ट्रॉफियां जिताने में मदद कर चुके हैं।
- **गार्डियोला की 35वीं बड़ी ट्रॉफी** – मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला के लिए यह जीत बड़ा मील का पत्थर है। सिटी के साथ 10 साल में यह उनकी 17वीं बड़ी ट्रॉफी, जबकि करियर की कुल 35वीं बड़ी ट्रॉफी है। सिटी ने आठवीं बार एफए कप जीतकर चेल्सी, लिवरपूल और टॉटेनहम के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। आर्सेनल 14 खिताबों के साथ टॉप पर है।
- **चेल्सी के लिए संकटों से भरा रहा सीजन** – इस हार के बाद पूर्व क्लब विश्व कप चैंपियन चेल्सी इस सीजन ट्रॉफी नहीं जीत सकेगी। साल की शुरुआत से दो कोच बर्खास्त करने के बाद टीम नए अंतरिम कोच कैलम मैक्फर्लेन के मार्गदर्शन में उतरी थी। सीनियर टीम के साथ यह उनका सिर्फ सातवां मैच था। मैच से पहले चेल्सी फैंस ने अमेरिकी मालिकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया।
- **सिल्वा-स्टोन्स की विदाई** – मैच के बाद सिटी फैंस ने क्लब का एंथम लू मून गाकर जश्न मनाया। यह मुकाबला बर्नार्डो सिल्वा और जॉन स्टोन्स के लिए भावुक रहा, क्योंकि दोनों सीजन के अंत में क्लब छोड़ रहे हैं। सिल्वा ने कहा, %जब से मैं यहां आया हूं, हमने 20 ट्रॉफियां जीती हैं, जो कि बुरा रिकॉर्ड नहीं है। मैं मैनचेस्टर सिटी से बहुत प्यार करता हूं।

# कोलकाता की प्लेऑफ उम्मीदें बरकरार

## बेंगलुरु के पास नॉकआउट में पहुंचने का मौका; पंजाब, राजस्थान और दिल्ली को हर मैच जीतना जरूरी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के 60 मैच पूरे हो चुके हैं। शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखीं। कोलकाता 12 मैचों में 11 पॉइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम को अंतिम-4 में पहुंचने के लिए बचे दोनों मैच जीतने होंगे।

**गुजरात हार के बाद भी दूसरे स्थान पर कायम** – कोलकाता से हार के बाद भी गुजरात दूसरे स्थान पर बनी हुई है। टीम के 13 मैच में 8 जीत और 5 हार के साथ 16 पॉइंट्स हैं। गुजरात का अगला मैच चेन्नई से है, जिसे उसे जीतना होगा। बेंगलुरु 16 पॉइंट्स और +1.053 नेट रनरेट के साथ पहले स्थान पर है। टीम पंजाब को हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर सकती है। उसे पंजाब और हैदराबाद से मैच खेलना है।

**कोलकाता को एक स्थान का फायदा** – गुजरात पर जीत के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स सातवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम के 12 मैचों में 11 पॉइंट्स हैं। केकेआर को अब मुंबई और दिल्ली से मैच खेलने हैं। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए टीम को दोनों मुकाबले जीतने होंगे। साथ ही दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

**हैदराबाद तीसरे पायदान पर** – हैदराबाद 12 मैच में 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर है। टीम को प्लेऑफ में जाने के लिए 18 मई को चेन्नई और 22 मई को बेंगलुरु को हराना होगा।

# कोहली के सीजन में 500 रन पूरे

## इस आईपीएल की चौथी फिफ्टी

### रचा इतिहास, पंजाब किंग्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल इतिहास में एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। कोहली अब किसी एक टीम के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरते ही विराट ने इस खास सूची में खुद को नंबर-1 पर पहुंचा दिया। अब उनके नाम पीबीकेएस के खिलाफ 1189 रन हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में खुद का ही चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बनाया गया रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। विराट कोहली 31 बॉल पर अपनी फिफ्टी पूरी की। उन्होंने शशांक सिंह की गेंद पर लॉन्ग-ऑफ की दिशा में शॉट खेलकर एक रन लिया और आईपीएल करियर की 67वीं तथा इस सीजन की चौथी फिफ्टी पूरी की।विराट कोहली 58, देवदत्त पडिक्कल 45 और जैकब बेथेल 11 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब की ओर से हरप्रीत बरार ने 2 और युजवेंद्र चहल को 1 विकेट मिला।

### आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

1189* रन – विराट कोहली 1- पंजाब किंग्स
1174 रन – विराट कोहली 1 चेन्नई सुपर किंग्स
1172 रन – विराट कोहली 1 दिल्ली कैपिटल्स
1161 रन – रोहित शर्मा 1 कोलकाता नाइट राइडर्स
1134 रन – डेविड वॉर्नर 1 पंजाब किंग्स
1126 रन – विराट कोहली 1 कोलकाता नाइट राइडर्स

### पंजाब के खिलाफ विराट का दबदबा जारी

विराट कोहली का बल्ला हमेशा पंजाब किंग्स के खिलाफ जमकर चला है। आईपीएल 2026 में भी उनका शानदार फॉर्म जारी है।



## महज 21 साल की उम्र में अंगकृष रघुवंशी ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड

# एक ही सीजन में ठोके पांच अर्धशतक



### शुभमन गिल और बटलर का संघर्ष गया बेकार

कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 के 60वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 29 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ कोलकाता ने 'प्लेऑफ' की उम्मीदों को बरकरार रखा है। कोलकाता 12 में से 5 मैच जीतकर 11 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में सातवें पायदान पर मौजूद है, जबकि गुजरात टाइटंस 13 में से 8 मुकाबले जीतकर दूसरे पायदान पर बनी हुई है। गुजरात का मकसद अपने अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को शिकस्त देकर 18 अंकों के साथ अगले दौर का टिकट हासिल करना होगा। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 218 रन ही बना सकी। इस टीम को साई सुदर्शन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत



**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। वह महज 21 साल की उम्र में एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### रघुवंशी का रिकॉर्ड

21 साल और 345 दिन की उम्र में रघुवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ महज 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो उनके आईपीएल करियर का सातवां अर्धशतक था। एक आईपीएल सीजन में 21 साल की उम्र में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में ऋषभ पंत (साल 2018) और यशस्वी जायसवाल (साल 2023) शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 6-6 बार यह कारनामा किया है। वहीं, देवदत्त पड्डिकल ने साल 2022 में पांच बार ऐसा किया था।

### कोलकाता की शुरुआत बेहद आक्रामक रही, दिखाया दम

कोलकाता की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। टीम के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही गुजरात के गेंदबाजों पर दबाव बनाया और लगातार बड़े शॉट लगाए। मिडिल ऑर्डर ने भी तेजी से रन जोड़ते हुए स्कोर को 240 के पार पहुंचाया। ईडन गार्डन्स की बल्लेबाजी के लिए मददगार पिच का पूरा फायदा उठाया। गुजरात टाइटंस की ओर से गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और राशिद खान जैसे अनुभवी गेंदबाज भी रन गति पर अंकुश नहीं लगा सके। च्चक्रके बल्लेबाजों ने पावरप्ले से लेकर डेथ ओवर्स तक लगातार आक्रमण जारी रखा। 248 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने भी दमदार शुरुआत की। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने तेज रन बनाए, लेकिन बढ़ते रन रेट के दबाव में टीम लगातार बड़े शॉट खेलने को मजबूर रही।

### रघुवंशी के पांच अर्धशतक

अंगकृष रघुवंशी ने इस आईपीएल सीजन के अपने पहले ही मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 रन की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 52 रन बनाए। अंगकृष ने तीन मई को सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध दूसरे मैच में भी अर्धशतक (59) लगाया, जिसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 71 रन की पारी खेली।

### केकेआर की पारी

आईपीएल 2026 के 60वें मुकाबले में केकेआर ने 20 ओवरों में दो विकेट खोकर 247 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने फिन एलन के साथ पहले विकेट के लिए 4.3 ओवरों में 44 रन की साझेदारी की। रहाणे 14 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद एलन ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 95 रन जोड़े। फिन एलन 35 गेंदों में 10 छक्कों और चार चौकों के साथ 93 रन की पारी खेलकर आउट हुए। यहां से रघुवंशी ने कैमरन ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंदों में 108 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को 247/2 के स्कोर तक पहुंचाया। रघुवंशी 44 गेंदों में सात छक्कों और चार चौकों के साथ 82 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कैमरून ग्रीन ने 28 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों के साथ 52 रन की नाबाद पारी खेली।

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ नकवी भारत नहीं आएंगे

- **आईसीसी बोर्ड मीटिंग में ऑनलाइन जुड़ेंगे, आईपीएल फाइनल के लिए बुलावा नहीं मिला**

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी भारत नहीं आएंगे। उन्हें अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल फाइनल के लिए न्योता नहीं भेजा गया है। वे 31 मई को होने वाली आईसीसी की सालाना बोर्ड मीटिंग में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़ेंगे। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, जो सदस्य यात्रा नहीं कर पाते, उनके लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मीटिंग में शामिल होने का विकल्प पहले से मौजूद है। इससे पहले मीडिया ने बताया था कि नकवी को भारत आने का निमंत्रण मिला है और उन्होंने इसे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेज दिया है।आईसीसी की यह बैठक पहले पिछले महीने दोहा



में होनी थी, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण इसे टाल दिया गया था। अब यह बैठक आईपीएल फाइनल के दिन अहमदाबाद में होगी।

**आरएसएस महासचिव ने कहा था- भारत-पाक में खेलकूद होना चाहिए** – राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने 12 मई को कहा था कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं करने चाहिए। दोनों देशों को एक-दूसरे को वीजा भी देना चाहिए। खेलकूद और व्यापार भी होना चाहिए। लेकिन पुलवामा जैसे हमले का जवाब भी मजबूती से देना होगा।

**मुंबई अटैक के बाद भारत ने कहा था- आतंकवाद और खेल साथ-साथ नहीं चल सकते** – 26 नवंबर 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत सरकार का रुख काफी सख्त हो गया। हमले में लगभग 166 लोगों की मौत हुई थी और 300 से अधिक लोग घायल हुए। इस हमले का जिम्मेदार लश्कर-ए-तैयबा को ठहराया गया। हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में भारी तनाव आया। शांति वार्ता प्रभावित हुई और भारत-पाक क्रिकेट द्विपक्षीय सीरीज लगभग बंद हो गई। भारत ने कहा था-आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते।

**2012-13 में दोनों देशों ने आखिरी द्विपक्षीय सीरीज खेली** – 2008 आतंकी हमलों के बाद दोनों देशों ने आखिरी बार 2012-13 में द्विपक्षीय सीरीज खेली थी, जब पाकिस्तान टीम भारत दौरे पर आई थी। इसके बाद भारत सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों पर रोक लगा दी।2013 के बाद से दोनों टीमें केवल आईसीसी और एसीसी इवेंट आमने-सामने हुई थी।

# थाईलैंड ओपन के फाइनल में हारे सात्विक-चिराग, मार्टिन-कार्नांडो ने दी शिकस्त

**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की स्टार पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने से चूक गई। बैंकॉक में खेले गए रोमांचक फाइनल में इंडोनेशिया की लियो कार्नांडो और डेनिएल मार्टिन की जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों को 53 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 25-23 से हराया।

### पहले गेम में लय नहीं पकड़ सके सात्विक-चिराग

दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। चिराग शुरुआती सर्विस एक्सचेंज में संघर्ष करते दिखे, जिसका फायदा इंडोनेशियाई जोड़ी ने उठाया और जल्दी 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि भारतीय जोड़ी ने कुछ समय तक मुकाबले में बने रहने की कोशिश की, लेकिन लियो और डेनियल के आक्रामक स्मैश और तेज नेट प्ले के सामने वे टिक नहीं सके। इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने लगातार दबाव बनाए रखा और पहला गेम 21-12 से अपने नाम कर लिया।




### दूसरे गेम में दिखाया जबरदस्त जज्बा

पहला गेम गंवाने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शानदार वापसी की। भारतीय जोड़ी ने तेज रफ्तार रैलियों और बेहतर नेट गेम के दम पर मुकाबले में बराबरी बनाई। एक समय भारतीय जोड़ी 7-5 से आगे निकल गई और फिर दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। स्कोर 14-14 से लेकर 19-19 तक बराबरी पर चलता रहा। इसके बाद इंडोनेशियाई जोड़ी ने लगातार चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए, लेकिन सात्विक और चिराग ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए चार बार मुकाबला बचा लिया। हालांकि पांचवें चैंपियनशिप प्वाइंट पर भारतीय जोड़ी नेट में शटल मार बैठी और मुकाबला हार गई।सात्विक और चिराग के लिए यह सीजन का पहला फाइनल था। सात्विक के कंधे की चोट के कारण भारतीय जोड़ी कुछ टूर्नामेंट नहीं खेल पाई थी, लेकिन वापसी के बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। यह थाईलैंड ओपन में उनका तीसरा फाइनल था।

## संक्षिप्त समाचार

### खरसावां में पुलिस की सफलता, पांच लोगों को वापस मिले खोए हुए मोबाइल

**सरायकेला, एजेंसी।** झारखंड में सरायकेला–खरसावां जिले के खरसावां थाना पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से बड़ी सफलता हासिल करते हुए पांच लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस दिलाए। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी गौरव कुमार ने मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे, जिससे लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। खरसावां पुलिस ने 28 जनवरी 2025 में गुम हुए कुचाई के तुरीसाई गांव के करण हो के मोबाइल को बरामद कर वापस लौटाया। करण हो ने खरसावां पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि करीब 15 महीने पहले गुम हुए मोबाइल फोन मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस की सक्रियता से उन्हें अपना फोन वापस मिल गया। इसके अलावा, खरसावां के दिरीगोडा गांव के गुलगशान कालिंदी, दुरुसाई गांव के सुनील कुमार महतो, असुरा गांव के लक्ष्मण माझी का मोबाइल फोन पिछले वर्षर 2025 में गुम हुआ था, जबकि कांटाडीह के लखीराम टुडू का मोबाईल फोन जनवरी 2026 को गुम हुआ था। इन्हें भी खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार ने खोया हुआ फोन वापस किया।

### हजारीबाग के आकाश जैन बने एनटीए के जॉइंट डायरेक्टर, अब नीट परीक्षा की संभालेंगे जिम्मेदारी

**हजारीबाग, एजेंसी।** झारखंड के हजारीबाग जिले के आईआरएस आकाश जैन को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में जॉइंट डायरेक्टर बनाया गया है।अब देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के आयोजन की अहम जिम्मेदारी उनके हाथों में होगी। आकाश जैन ने अपनी 10वीं की पढ़ाई सत जेवियर स्कूल हजारीबाग से पूरी की। पढ़ाई के दौरान से ही वे मेधावी छात्र रहे हैं। वर्ष 2013 में उन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास कर प्रशासनिक सेवा में अपनी पहचान बनाई थी। उनका घर शहर के झंडा चौक के पास है। आकाश जैन की इस उपलब्धि से हजारीबाग में खुशी का माहौल है। शहरवासियों ने इसे पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण बताया है। युवाओं के लिए उनकी सफलता प्रेरणा बन गई है। मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

### नोवामुंडी में सड़क किनारे गिरकर घायल हुआ युवक, इलाज जारी

**नोवामुंडी, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी से दुर्घटना में एक युवक के घायल होने की खबर सामने आई है। नोवामुंडी के जेटेया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटगढ दुधविला मोड़ के पास पुलिया के निकट एक सड़क दुर्घटना में 18 वर्षीय युवक दुर्गा पुरती घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सरबिल गांव का निवासी दुर्गा पुरती सड़क किनारे किसी कार्य से गुजर रहा था, तभी अचानक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नोवामुंडी थाना प्रभारी नयन कुमार सिंह को दी। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नोवामुंडी थाना प्रभारी नयन कुमार सिंह को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नोवामुंडी स्थित टीएमएच की एंबुलेंस को मौके पर भेजा। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को प्राथमिक उपचार दिलाते हुए बिना देर किए अस्पताल पहुंचाया।

### पाकुड़ में खेत से दो लोगों के शव बरामद, जहरीली शराब पीने से मौत होने की आशंका

**पाकुड़, एजेंसी।** जिले के सदर प्रखंड के सीतेशनगर गांव स्थित एक खेत में दो व्यक्ति का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार ने मृतकों के परिजन सहित आसपास के ग्रामीणों से दोनों के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में मृतकों की पहचान सीतेशनगर गांव के 55 वर्षीय नुरुद्दीन शेख और 45 वर्षीय मोती शेख के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में यह पता चला है कि दोनों प्रतिदिन शराब पीने के लिए साथ में निकलते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार को भी नुरुद्दीन और मोती एक साथ खेत की ओर दिन के लगभग 11 निकले थे और कुछ देर बाद ग्रामीणों ने दोनों के शवों को खेत में पाया।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि अत्यधिक और जहरीली शराब के सेवन से दोनों की मौत हुई है, लेकिन पुलिस हर पहलू पर मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की असल वजह का पता चल सकेगा। इधर, नुरुद्दीन और मोती की मौत के बाद उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है।पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शवों को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

# स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन का पालन करें डॉक्टर



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त हिमांशु कुमार राय और जिलाधिकारी कौशल कुमार ने शनिवार को दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) की व्यवस्थाओं की जांच पड़ताल की। इस दौरान हिमांशु कुमार राय ने कहा कि डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है, इसलिए समय पर उपस्थित रहकर स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य है।

उन्होंने मरीजों को बेहतर इलाज देने तथा अनावश्यक रेफर की प्रवृत्ति रोकने पर बल देते हुए पिछले एक वर्ष में रेफर किए गए मरीजों की रिपोर्ट तलब की। इसके अलावा, अधिकारियों को डीएमसीएच में स्वीकृत एवं कार्यरत चिकित्सकों के साथ-साथ कर्मियों की संख्या की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

दरअसल, एक दिन पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के दरभंगा दौरे के दौरान समीक्षा बैठक की थी। एक दिन बाद ही जिला प्रशासन डीएमसीएच की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में एक्टिव दिखा। हिमांशु कुमार राय और कौशल कुमार ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सीय संसाधनों, साफ-सफाई, दवा व्यवस्था तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की।

**हॉस्पिटल मैनेजमेंट, डॉक्टरों, हेल्थ डिपार्टमेंट के अफसरों के साथ बैठक भी की :** निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान आयुक्त ने डीएमसीएच कैंपस की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए चाहरदीवारी निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अस्पताल में संचालित बेडों की संख्या, इनडोर-आउटडोर एवं इमरजेंसी सेवाओं, पेयजल, भोजन और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया।

**1742 करोड़ की लागत से डीएमसीएच कैंपस में बन रहा 1700 बेड का नया अस्पताल :** समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि डीएमसीएच परिसर में 1700 बेड का नया अस्पताल बनाया जा रहा है, जिस पर लगभग 1742 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अधीक्षक ने बताया कि प्रतिदिन करीब 5000 मरीजों का इलाज किया जा रहा है तथा अस्पताल में 900 बेड उपलब्ध हैं। बेडशीट की धुलाई पटना में कराई जाती है। इस पर आयुक्त ने प्रतिदिन साफ बेडशीट लगाने और वार्डों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी कौशल कुमार ने भी बेडशीट की साफ-सफाई और नियमित बदलाव को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शिकायतें मिल रही हैं कि प्रतिदिन बेडशीट नहीं बदली जाती और पर्याप्त सफाई नहीं रहती। संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।

बैठक में ऑक्सीजन पाइपलाइन, वेंटिलेटर और लिफ्ट व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। चिकित्सकों ने बताया कि सर्जिकल भवन में दो ऑक्सीजन पाइपलाइन संचालित हैं तथा वर्तमान में आठ वेंटिलेटर कार्यरत हैं। अस्पताल में कुल सात लिफ्ट हैं, जिनमें छह चालू हैं।

**डीएमसीएच में 612 की जगह 308 दवाइयां ही उपलब्ध :** दवा उपलब्धता की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 612 प्रकार की दवाओं में से 308 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। इस पर आयुक्त ने सभी आवश्यक एवं जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की नौबत नहीं आनी चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। दवा वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए मेडिकल स्टोर की जांच हेतु कमेटी गठित करने तथा अधीक्षक को नियमित निरीक्षण का निर्देश दिया गया।

समीक्षा के दौरान चिकित्सकों ने एनेस्थीसिया एवं रेडियोलॉजी विभाग में डॉक्टरों की कमी की जानकारी दी। साथ ही नए चिकित्सीय उपकरणों की आवश्यकता संबंधी प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। आयुक्त ने अस्पताल परिसर एवं वार्डों में पर्याप्त साइनेज लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों को विभिन्न विभागों तक पहुंचने में परेशानी नहीं होनी चाहिए।

चिकित्सकों ने इमरजेंसी विभाग में सीटी स्कैन मशीन की आवश्यकता बताई। साथ ही जानकारी दी गई कि ट्रॉमा सेंटर में फिलहाल आठ बेड उपलब्ध हैं। आयुक्त ने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**एक दिन पहले भी डीएमसीएच सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचे थे आयुक्त :** आयुक्त ने एक दिन पहले यानी शुक्रवार को भी आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने डीएमसीएच सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। वहां भी उन्होंने दवा उपलब्धता, चिकित्सकीय संसाधनों, एंबुलेंस सेवा, ब्लड बैंक और साफ-सफाई की समीक्षा करते हुए मरीजों को सभी आधारभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में कई लिफ्ट बंद पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई थी तथा उन्हें शीघ्र चालू कराने का निर्देश दिया था।

## दिन-ब-दिन तल्ख हो रहा मौसम, फिलहाल तपिश से राहत नहीं

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में मौसम दिन-ब-दिन तल्ख होता जा रहा है। पूरे प्रदेश में तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा प्रदेश में सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश में यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं दक्षिणी हिस्से के कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। फिलहाल तापमान से राहत की उम्मीद नहीं है। अगले 4-5 दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी के आसार हैं।



वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि झांसी में 44.1 डिग्री, प्रयागराज में 44 डिग्री, उरई 43.4, हमीरपुर में 43.2 और आगरा में 43 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया प्रदेश के दक्षिणी भाग से लू का एक और दौर शुरू होगा जो 19-22 मई के दौरान अन्य स्थानों तक पहुंचेगा। दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं भीषण लू चलने की आशंका है। इसके बाद तापमान में आंशिक कमी आने की भी संभावना है।

**26 मई को मानसून के केरलम आगमन की संभावना :** उन्होंने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने शनिवार को दक्षिण-पूर्वी अरब सागर, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर के कई हिस्सों, संपूर्ण निकोबार द्वीप समूह और श्री विजयपुरम सहित अंडमान द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में प्रवेश किया है। चार दिनों की मॉडल त्रुटि के साथ दक्षिण-पश्चिम मानसून के 26 मई को केरलम आगमन की संभावना है।

## आम के पेड़ों का जब कद होगा छोटा, मुनाफा मिलेगा मोटा; मांगा गया बौने कद वाली किस्मों का ब्योरा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आम की गुणवत्ता बढ़ाने और कम लागत में अधिक फल लेने के लिए रणनीति बन रही है। बागवानों को छोटे कद वाले आमों की फसल लगाने को प्रेरित किया जाएगा। पुराने पेड़ों की छंटाई होगी, जिससे आंधी-बारिश में नुकसान कम होगा। जुलाई से प्रशिक्षण अभियान चलेगा।

प्रदेश में करीब 3.25 लाख हेक्टेयर में आम के बाग हैं। ज्यादातर बागवान पेड़ों की छंटाई नहीं करते, जिससे वे 20 से 30 फीट ऊंचे हो जाते हैं। ऐसे पेड़ों पर फल की देखरेख और दवा छिड़काव में अधिक खर्च आता है। उद्यान विभाग के सर्वे में सामने आया कि 10 से 15 साल बाद ये पेड़ कम फल देते हैं।

**आम बागवानी प्रबंधन पर चलेगा प्रशिक्षण अभियान :** इस वर्ष 50 फीसदी से ज्यादा फसल आंधी-तूफान से प्रभावित हुई है। अब बागवानी विकास मिशन में छोटे कद वाले पेड़ों पर जोर दिया जाएगा। सघन बागवानी से आम के बाग में दूसरी फसलें भी ली जा सकेंगी। प्रशिक्षण अभियान लखनऊ के मलिहाबाद स्थित औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र से शुरू होकर सभी 13 आम पट्टियों में चलेगा।

**बौनी किस्मों की जुटा रहे जानकारी :** उद्यान विभाग बौनी किस्मों की जानकारी जुटा रहा है। आम्रपाली, पूसा अरुणिमा, मल्लिका, अरुणा, पूसा प्रतिभा और अवध समृद्धि को बौनी किस्में माना जाता है। सघन बागवानी में इन्हीं किस्मों के पौधे बागवानों को दिए जा रहे हैं। विभाग ने केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान सहित अन्य संस्थानों से भी जानकारी मांगी है। नई किस्मों को प्रशिक्षण केंद्रों में लगाकर उनके फायदे देखे जाएंगे। सफल होने पर उनके पौधे किसानों को बांटे जाएंगे।

**18 की जगह 30 मीट्रिक टन उत्पादन :** औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य विशेषज्ञ कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि फल न देने वाली डालों को काटकर जड़ में वर्मी कंपोस्ट डालते हैं। इससे पुराने बागों का जीर्णोद्धार होता है। कटाई सितंबर से फरवरी तक होती है; जड़ में चूना लगाने से तना छेदक कीड़े नहीं लगते।

कटे हुए पेड़ में कल्ले निकलते हैं और पौधे को छतरी का आकार दिया जाता है। शोध में पहले एक हेक्टेयर में 18 मीट्रिक टन पैदावार होती थी, जो कटाई के बाद 25 से 30 मीट्रिक टन तक पहुंच गई है।

## वाराणसी में एसओजी-2 भंग: अब पुलिसलाइन से अटैच, निरीक्षक और उपनिरीक्षक लाइन हाजिर




**वाराणसी , एजेंसी।** पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने क्राइम समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कई बड़े फैसले लिए। कार्य में लापरवाही मिलने पर एसओजी-2 टीम को भंग कर नई टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। वहीं मिर्जामुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय और रोडवेज चौकी प्रभारी गौरव सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया। इसके साथ ही कैंट, सिगरा, रामनगर और मिर्जामुराद थानों में फेरबदल किया गया।

कैंट थाना प्रभारी शिवाकांत मिश्रा को सिगरा थाना प्रभारी बनाया गया, जबकि सिगरा थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा को रामनगर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। रामनगर थाना प्रभारी राजकिशोर पांडेय को कैंट थाने का प्रभारी बनाया गया। मिर्जामुराद थाने पर साइबर थाने से गोपाल जी कुशवाहा की तैनाती की गई। पुलिस आयुक्त के पीआरओ रहे विकास सिंह को रोडवेज चौकी प्रभारी बनाया गया।

### पुलिस विभाग को निर्देश

बैठक में पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि वही अधिकारी थानाध्यक्ष पद पर बने रहेंगे, जो उत्कृष्ट प्रदर्शन, गुणवत्तापूर्ण विवेचना, प्रभावी अपराध नियंत्रण और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण में बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि नए भर्ती आरक्षियों को प्रतिदिन छह घंटे इनडोर और छह घंटे आउटडोर प्रशिक्षण देकर बीट ड्यूटी, जनसंपर्क और थाना स्तर के कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाए।

यातायात व्यवस्था की समीक्षा के दौरान आरटीसी योजना के तहत दस प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखने, ट्रैफिक मार्शलों के समन्वय और तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट तथा रांग साइड चलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर शून्य करने के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया।

इसके अलावा महिला अपराधों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने, गोतस्करी, चोरी, एनडीपीएस और साइबर अपराधियों पर गैंगस्टर व गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों से नियमित संवाद बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

**अवैध चैंबरों पर चला बुलडोजर, वकीलों ने किया हंगामा**

## पुलिस ने फटकारी लाठियां, तब भागे




**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में वकीलों के अवैध चैंबरों पर रविवार को बुलडोजर चला। हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। नगर निगम, पुलिस व जिला प्रशासन की टीमों ने सुबह से ही इन्हें तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस-प्रशासन से उनकी बहस भी हुई।

इस दौरान हंगामा कर रहे वकीलों पर पुलिस ने लाठियां भी फटकारीं। वहीं दूसरी तरफ एक वकील ने खुद को चैंबर में बंद कर लिया। उसने कहा कि हमे कोई नोटिस नहीं मिली है।सिर्फ चैंबर तोड़े जा रहे हैं। उसने चैंबर के अंदर फांसी लगाने की कोशिश की।

बताते चलें कि हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य भवन व कचहरी के आसपास बने वकीलों के 240 अवैध चैंबर तोड़ने के लिए कहा था। इसके बाद नगर निगम ने नोटिस चस्पा किए थे। वकीलों को खुद अवैध चैंबर हटाने के लिए वक्त भी दिया था। इसकी मियाद पूरी होने के बावजूद इन चैंबरों को नहीं हटाया गया। इस पर बुलडोजर चलाया गया। वकीलों के हंगामे के आसार के मद्देनजर पीएसी बल भी तैनात की गई है।

इससे पहले नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि मुख्य रूप से स्वास्थ्य भवन चौराहे से चकबस्त चौराहे की सड़क पर, सदर तहसील व निबंधन कार्यालय, रेजिडेंसी से सीएमओ, स्वास्थ्य भवन से जिला सत्र न्यायालय की ओर सड़क पर अवैध चैंबर बनाए गए हैं। इन पर कार्रवाई होगी।

हालांकि, इससे पहले ही कुछ वकीलों ने कब्जा छोड़ दिया है। जिन लोगों ने सड़क, फुटपाथ, नाले-नालियों पर कब्जा कर चैंबर व फोटो कॉपी की दुकानें बनाई हैं, उनमें अधिकतर प्रभावी लोग हैं। गत वर्ष अक्तूबर में भी नगर निगम व पुलिस ने यहां 20 अवैध चैंबर तोड़े थे, लेकिन बाद में इन्हें फिर बना लिया गया।

## दुकान के बाहर सो रहे दर्जी की धारदार हथियार से वार करके हत्या, पुलिस कर रही जांच



**अम्बेडकरनगर, एजेंसी।** यूपी के अंबेडकरनगर में देर रात धारदार हथियार से वार करके टेलर की हत्या कर दी गई। खून से लथपथ लाश देखकर भतीजा कांप गया। उसने शोर मचाया तो लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

घटना सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानगढ़ बाजार की है। क्षेत्र के दाउदपुर गांव निवासी जयराम गौड़ (65) की धारदार हथियार से वार करके हत्या की गई है। बताया गया कि सुल्तानगढ़ बाजार में जयराम की टेलर की दुकान है। शनिवार रात वह गांव में सुरजीत सोनी की तेरहवीं में शामिल होने आए थे। इसके बाद दुकान लौट गए।

देर रात दुकान के बाहर चारपाई पर सो रहे थे। दुकान के अंदर उनका भतीजा गुड्डू सो रहा था। रात करीब 1.00 बजे गुड्डू पेशाब करने के लिए बाहर निकला। इसी समय उसने चाचा जयराम को चारपाई पर लहूलुहान हालत में पड़ा देखा। यह देखकर वह घबरा गया। शोर मचाते हुए गांव की ओर भागा।

ग्राम प्रधान राकेश जायसवाल ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ नीतीश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## 25 की उम्र में लापरवाही के कारण 180 पहुंच रहा बीपी



**आगरा, एजेंसी।** सब्जी में भी अतिरिक्त नमक के साथ ही नमकीन-स्नैक्स और अन्य फास्टफूड भी खाए। इस तरह युवा रोज 25-30 ग्राम तक नमक खा रहे हैं। लंबे समय तक ऐसी स्थिति के कारण 25-35 साल के 8.2 फीसदी मरीजों में हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) की बीमारी मिल रही है। हालत ये है कि 2.6 फीसदी मरीजों का बीपी 100/180 एमएमएचजी तक मिला। इसमें कॉलेज जाने वाले और कामकाजी युवाओं की संख्या अधिक है।

एसएन मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के डॉ. आशीष गौतम ने बताया कि ओपीडी में आए 862 मरीजों पर अध्ययन किया गया। इसमें 25-35 साल के 8.2, 36-50 साल के 31.7 और 51 से अधिक उम्र के 60.1 फीसदी मरीज उच्च रक्तचाप से पीड़ित मिले। इनमें 25-35 साल के 5.6 फीसदी का बीपी 130-150 और 2.6 फीसदी मरीजों का बीपी 150-180 एमएमएचजी तक मिला।

अध्ययन में पता चला कि ये तेज नमक खाने के अलावा स्नैक्स, नमकीन, फास्टफूड, कोल्डड्रिंक का भी अधिक सेवन करते थे। इनमें से 28 फीसदी 30 ग्राम तक नमक खा रहे थे। इसके कारण मधुमेह, हृदय रोग, नसों की बीमारियां भी मिलीं। उपचार, फिटनेस और नमक कम के सुझाव के बाद प्राइमरी हाइपरटेंशन के 62 फीसदी मरीज ठीक हो गए।

**180 के पार बीपी तो लकवा का खतरा तीन गुना :** अगर किसी व्यक्ति का 150 से अधिक बीपी आ रहा है तो उसे नजरअंदाज न करें। 180 एमएमएचजी के पार बीपी पहुंचने पर लकवा और ब्रेन हेमरेज का खतरा तीन गुना होता है। ओपीडी में आने वाले लकवा-ब्रेन हेमरेज के 28 फीसदी मरीजों में 180 एमएमएचजी से अधिक बीपी मिला। इनमें 25-35 साल के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इसकी बड़ी वजह खराब फिटनेस और तनाव है। -डॉ. मयंक अग्रवाल, न्यूरोसर्जन, एसएन मेडिकल कॉलेज

**बीपी की वजह से 65 फीसदी में हार्ट–किडनी रोग :** ओपीडी में रोजाना 100 से अधिक मरीज आ रहे हैं। इसमें हृदय के मरीजों में 65 फीसदी का बीपी बढ़ा मिला। इनमें 38 फीसदी युवा हैं। ऐसे मरीजों में कार्डिएक अरेस्ट, किडनी खराब होने का 3-5 गुना तक खतरा है। पूछताछ में युवाओं में धूम्रपान की लत मिली। मोटापा भी पाया गया। नौकरी, पढ़ाई समेत अन्य वजहों से तनाव का स्तर भी बढ़ा हुआ था। मरीजों को नमक कम करने, धूम्रपान छोड़ने और फिटनेस सुधारने की सलाह दी गई।

# लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव का मदर्स डे ढोल नगाड़ों से भव्यता से मनाया गया

चमकता राजस्थान



**मनीष मेहता जोधपुर।** लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव ने होटल गैलेक्सी में 150 स्वीट मदर्स के साथ सेलिब्रेट किया लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव की अध्यक्ष उषा गर्ग सचिव एडवोकेट संजीव व्यास कोषाध्यक्ष अमित पेड़ीवाल ने संयुक्त रूप से बताया मदर्स डे सेलिब्रेशन में मुख्यातिथि लायन एस एल शर्मा एवं सी ए संजय भंडारी थे ब मिसेज जोधपुर डॉक्टर पूजा राजपुरोहित थी कार्यक्रम में मिस्टर जोधपुर नवीन मोहनोत को भी पुरस्कार दिया मिसेज जोधपुर को साड़ी साफा शॉल मोमेंटो देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम में अतिथि लायंस की पूर्व रीजन चेयरमैन नीता जैन जायंट्स की प्रदेश अध्यक्ष कुसुम जैन थी कार्यक्रम में सिंगिंग से समा बांधा सिंगर मनीष व्यास रॉकस्टार अमित पेड़ीवाल लेडी रॉकस्टार योगिता भाटी आशुतोष व्यास ने समा बांध दिया कई प्रतियोगिता हुई बेस्ट साड़ी बबीता जैन बेस्ट मैकअप 2 मधु भंडारी डॉक्टर चित्रलेखा थी बेस्ट लाफ्टर नीतू विधानी, बेस्ट स्माइल निरुपमा पटवा बेस्ट कैटवॉक अनुराधा अरोड़ा बेस्ट हेयर मानसी शाह बेस्ट लॉन्ग हेयर भारती माहेश्वरी बेस्ट डांस गीता खेतानी चंचल गहलोत बेस्ट फोटोजेनिक रजनी सिंह स्थापना दिवस ऑनलाइन में बेस्ट फोटोजेनिक अमित पेड़ीवाल को मिला बेस्ट कविता डॉक्टर पूजा राजपुरोहित, सैकंड कविता डॉक्टर गुंजन सिंह सक्सेना मुख्य अतिथि सी ए संजय भंडारी ने स्वरचित कविता से सबके दिल को छुआ , बेस्ट स्थापना दिवस के पारंपरिक रहने सहन खान पान में धर्म नारायण माथुर प्रथम थे महिलाएं में रोटेरियन अध्यक्ष मधु समदानी ने रितिका मनवानी ने पुरस्कार में योगिता भाटी अमित पेड़ीवाल लक्ष्मी शेखावत डॉक्टर विपिन व्यास वीना अच्छतानी को बेस्ट कविता अग्रवाल समाज की अध्यक्ष सरोज गुप्ता को बेस्ट सुपर मॉम अवॉर्ड में जया सोलंकी सुनील जैन दीपक सोनी एंकर अरुण सिंह चौहान सोनू बंसल भजन सम्राट का अवॉर्ड मिला रक्षिता बाफना को बेस्ट टॉलकेटिव मदर का बेस्ट एक्स्ट्रा सोबर मदर का अवार्ड विमला गट्टाणी जी को मिला इस तरह बहुत लोगों ने ढोल नगाड़ों में डांस करके इतना कितना सुंदर माहौल बना दिया सभी को मुख्य अतिथि सी ए संजय भंडारी मुख्य अतिथि लायन एस एल शर्मा मुख्यातिथि एवं सभी कार्यक्रम की निर्णाइका डॉक्टर पूजा राजपुरोहित व आयोजिका उषा गर्ग संजीव व्यास अमित पेड़ीवाल ने मोमेंटो शाल माला क्राउन से सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. पवित्र विश्नोई के महासचिव बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, धोलासर में हुआ स्वागत



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** जिला कांग्रेस कमेटी फलोदी में डॉ. पवित्र विश्नोई को महासचिव नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर बिश्नोई नवयुवक मंडल के अध्यक्ष विजय नोखड़ा के नेतृत्व में धोलासर पहुंचकर डॉ. विश्नोई का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में पॉचाराम माही, महिपाल मान्जू, खंमृराम मास्टर, सरवन धोलासर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने डॉ. पवित्र विश्नोई को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। इस दौरान विजय नोखड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को ऐसे ऊर्जावान और कर्मठ युवाओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता मेहनत करता है, पार्टी उसे सम्मान और जिम्मेदारी अवश्य देती है। कांग्रेस एक बड़ी पार्टी है, जहां बिना किसी भेदभाव के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि डॉ. पवित्र विश्नोई जैसे युवा नेतृत्व कांग्रेस संगठन को मजबूत करेंगे और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी प्रदेश में पुनः सरकार बनाएगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की।

### भीनमाल करोड़ों की लागत से बना बस स्टैंड तीन साल से उद्घाटन के इंतजार में बदहाल

**चमकता राजस्थान/सांवलाराम चौधरी जालोर/ सांचौर।** भीनमाल शहर के नीलकंठ मंदिर के पास नगरपालिका द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से निजी बसों के लिए बनाए गए बस स्टैंड की हालत बदहाल होती जा रही है। करीब तीन साल पहले तैयार हुआ यह बस स्टैंड आज तक उद्घाटन का इंतजार कर रहा है। रखरखाव के अभाव में भवन जर्जर होने लगा है, वहीं दरवाजों और खिड़कियों के कांच भी टूट चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद बस स्टैंड का उपयोग नहीं होने से सरकारी धन व्यर्थ जा रहा है।

### पंचकुंडीय धूनी में तपस्या लीन महंत शक्ति नाथ महाराज



**चमकता राजस्थान/सांवलाराम चौधरी जालोर/ सांचौर।** जालोर के नारणावास गांव में 40 डिग्री सेल्सियस गर्मी के बीच महंत शक्तिनाथ महाराज पिछले 10 दिनों से लगातार पंचकूंडीय धूणी तपस्या में लीन हैं। रविवार को पूर्णाहुति के साथ इस तपस्या का समापन होगा। जानकारी के अनुसार- नारणावास गांव स्थित आश्रम में महंत शक्तिनाथ महाराज रोजाना दोपहर 12:00 से 2:30 बजे तक शरीर पर भस्म लगाकर साधना पर बैठते हैं। उनके चारों ओर पांच कूंडों में गाय के उपलों (कंडों) से अग्नि जलाई जाती है। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-पाठ के बाद वे इस भीषण गर्मी और धणी की आंच के बीच आसन लगाकर समाधि में लीन हो जाते हैं। दोपहर 2:30 बजे साधना का समय पूर्ण होने पर अन्य साधू-संतों द्वारा डमरू, चंग की ध्वनि और भगवान शिव के जयकारों के साथ महाराज को समाधि से जागृत किया जाता है।

### ब्यावर रेलवे स्टेशन पर दिव्या रानी कैटर्स प्रोपराइटर यंग ब्रिगेड सेवादल जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार द्वारा आमजन को केरी पानी और शीतल जल का वितरण



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** ब्यावर रेलवे स्टेशन पर दिव्या रानी कैटर्स प्रोपराइटर यंग ब्रिगेड सेवादल जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार आमजन को केरी पानी और शीतल जल का वितरण किया गया रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी के मार्गदर्शन मे और प्रदेश नेत्री जानवी भारवानी और महिला जिलाध्यक्ष उर्मिला कवांरिया के नेतृत्व मे महिला टीम द्वारा फल वितरण और जल सेवा भी दी गयी। टीम मे रजनी देवी, दिव्या देवी, जानवी भारवानी, उर्मिला कवांरिया, उर्मिला सोलंकी, अंतिमा ओझा, रिहाना बानो, मोनिका राजावत, पुरषोत्तम कोहली, मनोज कोहली, राकेश कुमार, मुकेश जोशी, पवन तातेड़, डॉ अरविंद माथुर, छगन मेवाडा, अशोक मूंदड़ा, लोकेश कुमार आदि उपस्थिति थे।

## डग को मिली बड़ी सौगात: ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सालय स्वीकृत,विधायक कालूराम मेघवाल के प्रयास लाए रंग

चमकता राजस्थान



**डग (कुन्दन व्यास)।** डग विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ओर बड़ी सौगात मिली।क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल के अथक प्रयासों के बाद राज्य सरकार ने डग में ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सालय की स्वीकृति प्रदान की। जिससे पूरे डग क्षेत्र में हर्ष की लहर है और नागरिकों ने विधायक का आभार जताया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधायक कालूराम मेघवाल ने पिछले विधानसभा सत्र के दौरान उप मुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद मंत्री प्रेमचंद बैरवा से मुलाकात की थी। उन्होंने डग क्षेत्र में आयुर्वेद चिकित्सालय की आवश्यकता बताते हुए इसकी स्वीकृति के लिए विशेष निवेदन किया था। विधायक ने बताया कि क्षेत्र की बड़ी आबादी आयुर्वेदिक उपचार पर विश्वास करती है,लेकिन सुविधाओं के अभाव में लोगों को जिला मुख्यालय या अन्य शहरों में जाना पड़ता है।खास बात यह है कि ब्ला-ॅक आयुर्वेद चिकित्सालय के लिए भूमि का आवंटन पूर्व में ही किया जा चुका है।स्वीकृति मिलने के बाद अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है।चिकित्सालय में पंचकर्म,क्षारसूत्र,योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विधायक मेघवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह एवं उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से ही यह संभव हो पाया है।विधायक ने कहा॰यह चिकित्सालय केवल एक भवन नहीं,बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य का केंद्र होगा।इससे डग,गंगधार,एवं आसपास के पूरे क्षेत्र के लोगों को सस्ती और प्रभावी आयुर्वेदिक चिकित्सा सुलभ होगी।यह प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा।॰ब्लॉक चिकित्सालय स्वीकृत होने की सूचना से मिलते ही विकास का एक और अध्याय जुड़ गया इस पर समूचे डग क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

## रानी में विधायक चौधरी एवं मंडल अध्यक्ष गहलोत ईवी बाईक से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे

**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी रानी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल एवं डीजल की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए आवाहन का असर क्षेत्र में देखने को मिला। मारवाड़ विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक केसाराम चौधरी एवं भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष हरिश गहलोत एक ही ईवी बाइक पर कार्यक्रम स्थल पहुंचकर लोगों को ईंधन बचत और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने का संदेश देते नजर आए।



जानकारी के अनुसार विधायक चौधरी अपने निवास स्थान से ट्रेन के माध्यम से सफर कर कार्यक्रम स्थल के निकट पहुंचे तथा आगे का सफर ईवी बाइक से तय किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हरीश गहलोत भी उनके साथ मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों की इस अनूठी पहल को देखकर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनकी सराहना की।

विधायक चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ती खपत और प्रदूषण को देखते हुए सभी को ईंधन बचत की दिशा में जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहल से भी बड़ा बदलाव संभव है तथा ईवी वाहनों का उपयोग पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा दिया गया यह संदेश समाज के लिए प्रेरणादायक है। इससे आमजन में ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। लोगों ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर ईंधन की बचत और प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रयास करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

## जयपुर में महिला पतंजलि योग समिति की राज्यस्तरीय कार्यशाला संपन्न

- राज्य स्तर पर ब्यावर की बेटी जसमीत कौर सलूजा को सम्मानित किया गया




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** महिला पतंजलि योग समिति राजस्थान द्वारा 16 एवं 17 मई 2026 को महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट, नंदपुरी, 22 गोदाम, जयपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में पूज्या दीदी मां साध्वी डॉ. देव प्रिया जी, महिला मुख्य केंद्रीय प्रभारी, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का ऑनलाइन आशीर्वाद सभी महिला योग साधिकाओं को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के 41 जिलों से आई महिला योग साधिकाओं एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, प्राकृतिक चिकित्सा एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर विशेष चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान राजस्थान की राज्य प्रभारी सरिता गुर्जर द्वारा ब्यावर जिला प्रभारी जसमीत कौर सलूजा का माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र देकर राज्य स्तर पर सम्मान किया गया। योग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं जन-जन तक योग पहुंचाने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें राज्य कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। साथ ही राजस्थान सह सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व भी सौंपा गया।

ब्यावर की बेटी जसमीत कौर सलूजा ने राज्य स्तर पर अपने उल्लेखनीय कार्यों से जिले का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में उपस्थित राज्य कार्यकारिणी सदस्यों एवं विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए योग सेवाओं की सराहना की। कार्यशाला का समापन संगठन विस्तार, महिला सशक्तिकरण एवं योग को घर-घर तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ।

## भूमिया एवं प्रशासन से परेशान परिवार ने परेशान होकर मीडिया के द्वारा लगाई न्याय की गुहार



**चमकता राजस्थान/के.डी.शर्मा सीकर।** नीमकाथाना क्षेत्र के गोडावास डांगियो का कुआं निवासी किशोर सिंह के परिवार के सदस्यों ने अपनी जमीन को लेकर भूमाफियाओं पर जमीन हड़पने का मामला मीडिया की समक्ष पेश किया है जिसमें किशोर सिंह ने बताया कि उनकी जमीन को माफिया द्वारा एवं प्रशासन के सहयोग से गलत रूप से कब्जा करने की कोशिश की जा रही है किशोर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जबकी मामला सिविल कोर्ट नीमकाथाना ,एसडीएम कोर्ट, सीकर लोकायुक्त में विचाराधीन है। प्रशासन द्वारा उनकी जमीन उन्हें नहीं दी गई तो वह आत्मदाह करने को मजबूर है परिवार वर्षो से कृषि करता आ रहा है इस जमीन पर ऐसे में प्रशासन द्वारा किशोर सिंह के परिवार को न्यायिक रूप से उनकी जमीन उन्हें प्रदान की जाए नहीं तो परिवार के इस आत्मदाह का जिम्मेदार प्रशासन और भूमाफिया होंगे। परिवार के यह लोग मौजूद रहे किशोर सिंह, हेमराज, बीरबल, सुनील, दिनेश, विक्रम , अंशी देवी, माली देवी, बनारसी देवी मौजूद रही।

## कार्यकर्त्ता ही संगठन की असली ताकतः मेघवाल




**चमकता राजस्थान/दौसा (दीपक शर्मा बामनवास)।** प्रदेश एस. सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री निहाल चंद मेघवाल का आज दौसा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला द्वारा साफा, दुपट्टा और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। निहाल चंद मेघवाल ने कार्यकर्ताओ को बंगाल विजय की बधाई देते हुए कहा की कार्यकर्त्ता की मेहनत और संगठन की ताकत से ही पश्चिम बंगाल में भाजपा की शानदार जीत हुई है,आज हजारों कार्यकर्ताओ के बलिदान से ही बंगाल भगवामय हुआ।उन्होने आ''ान किया की दौसा जिले मे एस सी मोर्चा के कार्यकर्त्ता एकजुट होकर आगामी चुनाव मे भाजपा का परचम पहराये।स्वागत भाषण मे जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने देवभूमि दौसा पर पहली बार पधारे प्रदेश अध्यक्ष का दौसा मे स्वागत करते हुए कहा की उनके आने से कार्यकर्ताओ मे जोश आवेगा और दौसा मे भाजपा का कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाकर संगठन को मजबूत करेगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मुकेश गर्ग, ज़िला महामंत्री विपिन जैन,जिला कार्यकारिणी सदस्य किरण डोरिया,प्रदेश मंत्री मनीष पहाड़िया,एस टी मोर्चा प्रदेश महामंत्री महेंद्र चांदा, जिला उपाध्यक्ष शिव शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री किशोरी लाल बैरवा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर बंशीवाल, पूर्व शहर महामंत्री मनीष वैध, रामप्रसाद वर्मा, जिला प्रवक्ता विजय बैरवा, शहर उपाध्यक्ष नवीन शर्मा, एस टी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामजीलाल बेजवादी,सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बींझबायला में गूंजा सतभक्ति और मानव सेवा का संदेश, विशाल सत्संग कार्यक्रम सम्पन्न

चमकता राजस्थान



**गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़/ श्रीगंगानगर।** पदमपुर तहसील के बींझबायला स्थित नूर पैलेस में रविवार को जगद्गुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय विशाल सत्संग एवं नामदीक्षा कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संत जी के अनुयायियों सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं धार्मिक संगत ने भाग लेकर सत्संग का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज के अमृत प्रवचनों का प्रसारण किया गया। सत्संग में संत जी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार वास्तविक भक्ति ही मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा– ''तीनों देवा कमल दल बसे, ये ब्रह्म विष्णु महेश। प्रथम इनकी बंदना, फिर सुन सतगुरु उपदेश।।

संत रामपाल जी महाराज ने श्रीमद्भगवद्गीता, वेदों, पुराणों, श्री गुरु ग्रंथ साहिब तथा पवित्र बाइबल के प्रमाणों के आधार पर सत्संग करते हुए बताया कि कलियुग में मोक्ष प्राप्ति का मार्ग अत्यंत सरल है। शास्त्रों के अनुसार पूर्ण गुरु से नामदीक्षा लेकर सतभक्ति करने से मानव जीवन सफल बनाया जा सकता है तथा जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति संभव है। सत्संग के दौरान समाज में फैल रही बुराइयों, नशाखोरी, पाखंड एवं सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर मानवता, सदाचार और भाईचारे का जीवन अपनाने का संदेश भी दिया गया।

जिला सेवादार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में पहुंचकर सत्संग का लाभ लिया। उन्होंने बताया कि संत रामपाल जी महाराज द्वारा संचालित ''अन्नपूर्णा मुहिम'' के तहत जरूरतमंद परिवारों को भोजन, वस्त्र, शिक्षा, चिकित्सा एवं आवास जैसी मूलभूत सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके साथ ही किसानों एवं मजदूरों को हजारों फीट मोटर पाइप उपलब्ध करवाकर सहयोग भी किया जा चुका है। कार्यक्रम में सभी आगंतुकों एवं श्रद्धालुओं तथा संगत के लिए जलपान, चाय बिस्किट की विशेष व्यवस्था की गई।

## आम सूचना (बेदखली)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे कि मेरी मुवक्किला माया देवी पत्नी स्व. मोहनलाल कुर्डिया निवासी- जटिया कॉलोनी, नेहरू नगर, ब्यावर है। ने इनके पुत्र प्रशात कुर्डिया व पुत्रवधु प्रियंका कुर्डिया, व इनके बच्चे मंयक व दिया के के दुर्व्यवहार व प्रताडना से तंग आकर उन्हें समस्त चल-अचल सम्पत्ति (दो मकान, प्लॉट व जैवरात) से बेदखल कर दिया है। और आज से सारे संबंध समाप्त कर दिये है। भविष्य में इनके साथ लेन-देन व संव्यवहार करता है तो स्वयं जिम्मेदार होगा। उसकी जिम्मेदारी मेरे मुवक्किल की नहीं होगी। अतः सूचित रहें पालना करें।

ब्यावर
दिनांकः- 17/05/2026

भगवान पारखरोट
एडवोकेट

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929